सुविचार

“जो समय का सम्मान करता है, समय उसे सम्मान देता है।”

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी




28 मार्च : भारतीय खेल इतिहास का यादगार दिन

पूर्णिया , शनिवार 28 मार्च 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 349


## पश्चिम एशिया संकट पर हाई-लेवल बैठक: पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों संग की समीक्षा, 60 दिन का ईंधन भंडार सुरक्षित





**नई दिल्ली,** । पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल के बीच जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता के बीच नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय डिजिटल बैठक की। बैठक का उद्देश्य संभावित आपात स्थिति में राज्यों की तैयारी, जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति और समन्वय तंत्र को मजबूत करना रहा। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि देश की ऊर्जा और आपूर्ति प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित है।

**राज्यों की तैयारियों का आकलन:** बैठक में प्रधानमंत्री ने राज्यों से खाद्य, दवा और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को सक्रिय रखने पर जोर दिया गया। केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल के जरिए किसी भी संकट से निपटने की रणनीति बनाई जा रही है।

**आचार संहिता वाले राज्यों के लिए अलग व्यवस्था:** जिन राज्यों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है और आदर्श आचार संहिता लागू है, उनके मुख्यमंत्रियों को इस बैठक से अलग रखा गया। ऐसे राज्यों के लिए कैबिनेट सचिवालय के माध्यम से अलग बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें केवल मुख्य सचिव शामिल होंगे। यह कदम संवैधानिक नियमों के पालन को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

**60 दिनों का ईंधन भंडार, घबराने की जरूरत नहीं** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि भारत के पास करीब 60 दिनों का ईंधन भंडार उपलब्ध है। कच्चे तेल की आपूर्ति पहले से सुनिश्चित कर ली गई है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ईंधन संकट को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

**होर्मुज जलडमरूमध्य संकट पर 'प्लान-बी' तैयार:** होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बावजूद भारत ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर ली है। देश अब 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने आपूर्ति बनाए रखने के लिए नए मार्ग और स्रोत सुनिश्चित किए हैं, जिससे देश में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी।

**01:** आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और आपदा प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया।

-------------

**02 :** चुनावी राज्यों को अलग रखते हुए कैबिनेट सचिवालय के जरिए अलग बैठक होगी।

-------------

**03 :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 60 दिनों की ईंधन भंडार की पुष्टि की।



## सूर्य तिलक के साथ रामलला का दिव्य जन्मोत्सव, अयोध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब

अयोध्या, 27 मार्च (हि.स.)। रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में आस्था और विज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब भगवान राम के जन्मोत्सव पर दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की किरणों ने रामलला के मस्तक का अभिषेक किया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में वैज्ञानिक तकनीक से संपन्न 'सूर्य तिलक' ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

जिला प्रशासन के अनुसार 26 और 27 मार्च को करीब 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे, जबकि लाखों भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए। पूरे शहर में भजन-कीर्तन, आरती और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय रहा।

इस अवसर पर नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा, वहीं योगी आदित्यनाथ ने 'सूर्य तिलक' को आस्था और आत्मगौरव का प्रतीक बताया।

रामलला को 56 भोग अर्पित किए गए और हजारों मंदिरों में विशेष पूजा हुई। प्रशासन की कड़ी सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बीच यह भव्य आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## राजद सांसदों ने संसद भवन परिसर में किया प्रदर्शन, बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग



**नई दिल्ली,**(हि.स.)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसदों ने संसद परिसर में बिहार में आरक्षण सीमा 65% से बढ़ाकर 85% करने और जातीय सर्वेक्षण के आधार पर इसे संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व मीसा भारती ने किया, जिसमें संजय यादव, अभय कुशवाहा और अन्य सांसद शामिल हुए।

मीसा भारती ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोगों को लंबी कतारों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं संजय यादव ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार द्वारा भेजे गए आरक्षण प्रस्ताव पर केंद्र ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

अभय कुशवाहा ने पश्चिम एशिया स्थिति पर केंद्र की पहल का समर्थन करते हुए कहा कि राज्यों और नागरिकों के साथ अधिक जानकारी साझा की जानी चाहिए।

## संसद से वित्त विधेयक 2026-27 को मंजूरी, बजट प्रक्रिया पूरी



**नई दिल्ली,** । संसद ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वित्त विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसके साथ ही नए वित्त वर्ष के बजट की पूरी प्रक्रिया संपन्न हो गई। राज्यसभा ने शुक्रवार को ध्वनिमत से विधेयक पारित कर लोकसभा को वापस भेज दिया। इससे पहले लोकसभा 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ इसे पारित कर चुकी थी।

**आर्थिक स्थिरता और सरल कर प्रणाली:** सीतारमण ने कहा कि सरकार ने आयकर प्रणाली को सरल और अनुपालन में आसान बनाया है। वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में लॉकडाउन जैसी स्थिति की कोई संभावना नहीं है और सरकार सतर्कता के साथ आर्थिक प्रबंधन कर रही है।

**जीएसटी छूट और योजनाओं की पारदर्शिता:** वित्त मंत्री ने बताया कि 30 से अधिक आवश्यक वस्तुएं जीएसटी से मुक्त हैं, जिनमें दाल, अनाज, ताजे फल-सब्जियां और आटा-मैदा शामिल हैं। उन्होंने पेंशन प्रणाली (स्पर्श) के जरिए सीधे खातों में राशि ट्रांसफर होने की व्यवस्था को पारदर्शी बताया।

**बजट का आकार और लक्ष्य** केंद्रीय बजट 2026-27 में 53.47 लाख करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान है, जो पिछले वर्ष से 7.7% अधिक है। राजकोषीय घाटा 4.3% रहने का लक्ष्य रखा गया है, जो वित्तीय अनुशासन की दिशा में सकारात्मक संकेत है।

**राज्यसभा में चर्चा के बाद मंजूरी:** राज्यसभा में वित्त विधेयक और विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2026 पर संक्षिप्त चर्चा हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए सरकार की आर्थिक नीतियों और बजट प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया। इसके बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया और कार्यवाही 30 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## केंद्र ने पेट्रोल-डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटाया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आम जनता को राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। नई दरों के तहत पेट्रोल पर शुल्क 13 रुपये से घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इससे ईंधन की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही, एटीएफ पर नया शुल्क ढांचा लागू किया गया है।

## पूरक मतदाता सूची को लेकर ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल



**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव से पहले पूरक मतदाता सूची जारी नहीं किए जाने पर चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पश्चिम बर्धमान के पांडवेश्वर में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सूची को तुरंत सार्वजनिक करने की मांग की और पारदर्शिता पर जोर दिया।

**पूरक मतदाता सूची पर सवाल** मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वे सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस ने भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी से सूची प्रतिदिन प्रकाशित करने की मांग की है।

**भाजपा पर निशाना:** बीरभूम में सभा के दौरान ममता बनर्जी ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी “वॉशिंग मशीन” की तरह काम करती है, जहां चीजें गायब हो जाती हैं। उन्होंने मतदाता नाम हटाने को भी इसी से जोड़ा।

**महंगाई और विकास का मुद्दा** मुख्यमंत्री ने रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और केंद्र की नीतियों की आलोचना की। साथ ही देवचा-पचामी कोयला परियोजना से सस्ती बिजली और रोजगार सृजन का भरोसा दिलाया। उन्होंने सामाजिक एकता को सबसे बड़ी ताकत बताया।

## देश में लॉकडाउन की संभावनी पूरी तरह गलत : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

---------------

▪ रसोई गैस उत्पादन में 40 फीसदी वृद्धि, कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति 70 फीसदी तक बहाल: केंद्र

---------------

केंद्र सरकार ने देश में संभावित लॉकडाउन की खबरों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे अफवाह बताया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई स्थिति नहीं है और न ही इस पर कोई विचार किया जा रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे भ्रमित न हों और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।



**ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य:** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें केवल अफवाहों का परिणाम हैं, न कि किसी वास्तविक कमी का संकेत।

**जी7 बैठक में भारत ने उठाए मुद्दे:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फ्रांस में जी7 देशों की बैठक के दौरान वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दों को उठाया। उन्होंने ग्लोबल साउथ की चिंताओं को प्रमुखता से रखते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में सरकार ने दोहराया कि देश में आवश्यक वस्तुओं और ईंधन की कोई कमी नहीं है। निर्यात नियंत्रण और कर उपायों के जरिए बाजार संतुलन बनाए रखने की दिशा में कदम उठाए गए हैं।

**वैश्विक हालात पर सरकार की नजर:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। भारतीय मिशन 24 घंटे सक्रिय हैं और वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की हर संभव मदद की जा रही है।

## बिहार: औरंगाबाद में चाचा ने की तीन मासूम भतीजे-भतीजी की गला रेतकर हत्या



**औरंगाबाद,** (हि.स.)। बिहार के औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खुदहन गांव में शुक्रवार को एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज घटना सामने आई। एक सनकी चाचा ने अपने ही तीन भतीजे-भतीजी की गला रेतकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**मृत बच्चों की पहचान** मृत बच्चों की पहचान 10 वर्षीय अनीश कुमार, 7 वर्षीय आयुष कुमार और 5 वर्षीय अनुष्का कुमारी के रूप में हुई है। ये तीनों बच्चे गांव निवासी गुड्डू पाल के पुत्र-पुत्री थे। घटना के समय बच्चों के पिता घर पर मौजूद नहीं थे, क्योंकि वे ट्रेन की पैंट्री कार में काम करते हैं।

**पुलिस कार्रवाई और जांच** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आरोपी को गंभीर हालत में औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और हत्या के पीछे की असली वजह का पता लगाने में जुटी है।

**घटना की वारदात और तरीका** जानकारी के अनुसार, आरोपी चाचा सुबह बाइक से कहीं गया था और वापस लौटकर घर का दरवाजा खटखटाया। अंदर प्रवेश करने के बाद उसने अचानक स्पीकर की आवाज तेज कर दी और कटर मशीन से तीनों बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद का भी गला रेतकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन वह बच गया।

## बेंगलुरु में आईपीएल मैचों को लेकर हाई अलर्ट, मुख्य सचिव ने की सुरक्षा व सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा



**बेंगलुरु,** (हि.स.)। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल मैचों को लेकर कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने अधिकारियों और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में स्टेडियम के भीतर और बाहर सुरक्षा प्रबंधन, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग और दर्शकों के लिए पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बढ़ती भीड़ को देखते हुए नम्मा मेट्रो की समय-सारिणी और स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने पर भी जोर दिया गया।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी एजेंसियां सतर्क रहें और समन्वय बनाए रखें। उन्होंने आईपीएल आयोजन से जुड़ी सभी शर्तों और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वेंकटेश प्रसाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के प्रतिनिधि सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत-पाकिस्तान सीमा से पकड़ा गया संदिग्ध युवक, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**जोधपुर,** (हि.स.)।

» **तकनीकी सर्विलांस और खुफिया जानकारी के आधार पर गिरफ्तारी**




राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में संदिग्ध गतिविधियों के चलते सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। भारत-पाक सीमा के पास नाचना थाना क्षेत्र के भारेवाला गांव से गुरुवार रात 29 वर्षीय युवक को हिरासत में लिया गया। कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के इनपुट पर की गई।

युवक एक संदिग्ध टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ा बताया गया है, जिसमें भड़काऊ और देश विरोधी संदेश साझा किए जा रहे थे। तकनीकी निगरानी के आधार पर उसे घर से पकड़ा गया। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां संयुक्त रूप से पूछताछ कर रही हैं। प्रारंभिक जांच में मोबाइल से अहम जानकारी नहीं मिली, आशंका है कि डेटा डिलीट किया गया है। मामले की गहन जांच जारी है और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# पटना में रामनवमी शोभायात्रा का मुख्यमंत्री ने किया दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ

**पटना** (हि.स.)।
डाकबंगला चौराहा पर श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर शुक्रवार शाम किया।
इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा तथा मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



यह शोभायात्रा अब पटना की एक विशिष्ट पहचान के रूप में विकसित हो चुकी है। भव्य झांकियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और व्यापक जनसहभागिता के माध्यम से यह आयोजन रामराज्य के आदर्शों, सद्भाव, न्याय और मर्यादा को समाज के बीच सशक्त रूप से स्थापित करने का संदेश देता है।

## भगवान श्री राम केवल आस्था के प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा व आदर्शों के सर्वोच्च स्वरूप हैं : नितिन नवीन

**पटना** (हि.स.)।
रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को बिहार की राजधानी पटना में भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला। डाकबंगला चौराहे पर श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता शामिल हुए।
इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा।
कार्यक्रम के दौरान कंकड़बाग, कदमकुआं और अन्य क्षेत्रों से आई आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नितिन नवीन ने विधिवत आरती उतारकर झांकियों का स्वागत किया। मंच संचालन भी नितिन नवीन ने किया, जहां उन्होंने रामभक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।
झांकियों में भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी के जीवन प्रसंगों को सुंदर और मनोहारी रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। वहीं, मंच पर प्रस्तुत भक्ति संगीत और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।
इस अवसर पर "जय श्री राम" के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए।
अपने संबोधन में नितिन नवीन ने कहा कि प्रभु श्रीराम केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों के सर्वोच्च उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी समाज को एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर देश के विकास में योगदान दें।

# हड़ताल पर सख्त रुख: काम पर नहीं लौटे अधिकारियों पर होगी कार्रवाई – विजय सिन्हा

**पटना** , (हि.स.)।

--------------------
- **273 अंचल अधिकारी वर्तमान में कार्यरत, अतिरिक्त प्रभार देकर व्यवस्था कायम**

--------------------



बिहार में अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों की जारी हड़ताल को लेकर सरकार ने कड़ा रुख अपना लिया है। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने स्पष्ट कहा है कि जो अधिकारी निर्धारित समयसीमा के भीतर काम पर नहीं लौटे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि सरकार अनुशासनहीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी।
विजय सिन्हा ने बताया कि 25 मार्च तक सभी अधिकारियों को कार्य पर लौटने का निर्देश दिया गया था, जिसके बाद दो दर्जन से अधिक अधिकारी वापस आ चुके हैं। वर्तमान में 273 अंचल अधिकारी कार्यरत हैं और कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए अतिरिक्त प्रभार देकर व्यवस्था बनाई गई है। वहीं, सेवानिवृत्त अधिकारियों को भी अनुबंध पर नियुक्त करने की तैयारी है, ताकि जनता के कार्य बाधित न हों।
सरकार ने दावा किया है कि हड़ताल के बावजूद राजस्व कार्यों की गति बनी हुई है। अब तक 12,163 दाखिल-खारिज मामलों का निपटारा, 38,672 जमाबंदियों में सुधार और 16,777 नई जमाबंदियों को ऑनलाइन किया गया है। साथ ही 4,431 ई-मापी मामलों का भी निष्पादन हुआ है। सरकार ने आश्वासन दिया कि जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# तिरहुत प्रमंडल के जिलाध्यक्षों-प्रखंड अध्यक्षों के साथ निशांत कुमार ने की बैठक, संगठन मजबूती पर जोर

**पटना** (हि.स.)।
- **जनसुनवाई कार्यक्रम की घोषणाः उन्होंने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'जनसुनवाई कार्यक्रम' शुरू करने की बात कही और स्थानीय स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम चलाने का सुझाव दिया।**

--------------------




जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बिहार प्रदेश संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से पार्टी के नेता निशांत कुमार ने तिरहुत प्रमंडल के आठ जिलों के जिलाध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। यह बैठक शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।
**संगठनात्मक मजबूती पर जोर**
बैठक में सबसे पहले पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा ने निशांत कुमार को पार्टी की सक्रिय सदस्यता दिलाई। इसके बाद निशांत कुमार ने जिलाध्यक्षों और प्रखंड अध्यक्षों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।
**जनसंपर्क और उपलब्धियों के प्रचार पर बलः** निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पिछले दो दशकों के विकास कार्यों, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह बनाए रखना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें।

**जनसुनवाई कार्यक्रम की घोषणा:** बैठक में निशांत कुमार ने घोषणा की कि वे जल्द ही 'जनसुनवाई कार्यक्रम' की शुरुआत करेंगे, जिसके माध्यम से आम लोग अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रख सकेंगे। उन्होंने जिलाध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

**संगठन के पदाधिकारियों की भागीदारी:** इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्षों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक स्थिति से अवगत कराया और संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# बच्चों के विवाद से भड़की हिंसा : मनेर में फायरिंग-पथराव, 6 घायल, गांव में तनाव

**पटना,** (हि.स.)। मनेर थाना क्षेत्र के छितनावा गांव में बच्चों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। दो गुटों के बीच वर्चस्व की इस लड़ाई ने पूरे गांव को तनाव और दहशत में डाल दिया, जिसमें फायरिंग और पथराव के चलते 6 लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।
**बच्चों के झगड़े से शुरू हुआ विवादः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद की शुरुआत बच्चों के बीच हुई कहासुनी से हुई थी। देखते ही देखते यह झगड़ा बड़े-बुजुर्गों और युवाओं के शामिल होने से बढ़ता गया और दो पक्ष आमने-सामने आ गए। बातचीत से सुलझने वाला मामला कुछ ही मिनटों में हिंसक रूप ले बैठा।



**पथराव और फायरिंग से मची अफरा-तफरी:** विवाद बढ़ते ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए। इसी दौरान अवैध हथियारों से फायरिंग भी की गई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। करीब आधे घंटे तक सड़कें रणभूमि बनी रहीं और लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में छिपने को मजबूर हो गए।
**6 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती:** इस हिंसक झड़प में महिलाओं और पुरुषों समेत कई लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ के सिर फट गए और कई को गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।
**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**
घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान 2 देसी कट्टा, 5 खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, गांव में स्थिति अब नियंत्रण में है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# अंतरराष्ट्रीय हवाई कनेक्टिविटी से बिहार रचेगा नया इतिहास : जदयू

**पटना,** (हि.स.)। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार अब विकास के एक नए अध्याय की ओर तेजी से बढ़ रहा है। राज्य के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि बिहार जल्द ही अंतरराष्ट्रीय एयर कनेक्टिविटी के मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। बहुत जल्द पटना और गया जी से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू होने जा रहा है, जो बिहार की प्रगति, बढ़ती संभावनाओं और बदलती पहचान का स्पष्ट प्रमाण है।
पटना से काठमांडू के लिए




अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा शुरू होने जा रही है, वहीं गया जी से सिंगापुर, बैंकॉक, कोलंबो, काठमांडू और शारजाह के लिए उड़ानों की उपलब्धता बिहार को वैश्विक संपर्क से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह केवल हवाई सेवा का विस्तार नहीं, बल्कि बिहार के आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को नई ऊंचाई देने वाला महत्वपूर्ण कदम है।
प्रवक्ता परिमल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी और जनसुविधाओं के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत राज्य के युवाओं, व्यापारियों, छात्रों, पर्यटकों तथा प्रवासी बिहारियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी। विशेष रूप से गया जी से बौद्ध सर्किट से जुड़े देशों के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू होना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा और बिहार को वैश्विक बौद्ध पर्यटन केंद्र के रूप में और मजबूत करेगा।
यह पहल बिहार की बदलती तस्वीर और सशक्त होते बुनियादी ढांचे का प्रतीक है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि निवेश, रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। बिहार अब केवल संभावनाओं की भूमि नहीं, बल्कि उपलब्धियों की धरती बनकर उभर रहा है।

# एआई वीडियो विवाद में तेजस्वी पर FIR की तैयारी




**पटना** , (हि.स.)।
बिहार में वायरल वीडियो को लेकर सियासत तेज हो गई है। दानिश रिजवान ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर प्राथमिकी दर्ज कराने की घोषणा की है। उनका आरोप है कि एआई से बनाए गए वीडियो को गलत तरीके से शेयर कर उनकी छवि खराब की गई। यह वीडियो पहले राजद के सोशल मीडिया से और फिर तेजस्वी यादव के अकाउंट से पोस्ट हुआ था, जिसमें उन्हें हथियार के साथ दिखाया गया।
दानिश रिजवान ने दावा किया कि वीडियो 2018 का है और उसमें एयरगन से फायरिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि वे न तो Jitan Ram Manjhi के सलाहकार हैं और न ही किसी पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मामले में कानूनी कार्रवाई कर सभी जिम्मेदार लोगों को शामिल करेंगे।

# शराब का विरोध पड़ा भारी : रोहतास में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**पटना** , (हि.स.)।
बिहार में शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आवाज उठाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। रोहतास जिले में शराब बिक्री का विरोध करने पर 43 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है।
रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र के पडुहार गांव में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार, 43 वर्षीय राजेश कुमार राम ने अपनी निजी जमीन पर हो रही अवैध शराब बिक्री का विरोध किया था। इसी बात से नाराज कुछ दबंगों ने उन पर हमला कर दिया और बेरहमी से



पिटाई कर अधमरा कर दिया। घटना के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल राजेश को आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है, जबकि परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पहले भी प्रशासन से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय मृतक के छोटे भाई को ही जेल भेज दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# रामनवमी पर बदला मौसम का मिजाज, बिहार के कई जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**पटना** , (हि.स.)।
रामनवमी के अवसर पर जहां एक ओर मंदिरों और सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है, वहीं दूसरी ओर मौसम ने अचानक करवट लेकर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों में तेज हवा और हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार पटना, बेगूसराय, भोजपुर, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, नालंदा, समस्तीपुर, सारण और वैशाली जिलों में अगले तीन घंटे के भीतर तेज आंधी, बारिश और वज्रपात की



संभावना है। इन क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने आम लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों से दूर रहें और सुरक्षित पक्के भवनों में शरण लें। साथ ही, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखने तथा खेतों की ओर नजाने की सलाह दी गई है।
मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अगले 48 घंटों में राज्य के अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। इसके बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने के संकेत हैं। वहीं न्यूनतम तापमान में भी 1 से 4 डिग्री तक कमी आ सकती है। राज्य में फिलहाल अधिकतम तापमान 29.9 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जबकि न्यूनतम तापमान 17.5 से 22.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया है।

# रामनवमी शोभा यात्रा : भगवा रंग में रंगा पूर्णिया : रामभक्ति, समरसता,आस्था और उत्साह ने रचा अद्भुत इतिहास

## पाग बांधे किन्नर समाज की गरिमामयी उपस्थिति बनी शोभायात्रा की पहचान, हजारों रामभक्तों ने लिखा आस्था का नया अध्याय

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

-----------------------------

**■ पूर्णिया में आस्था, एकता और परंपरा का जीवंत उत्सव रामनवमी की यह शोभायात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक उत्साह का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी। पूर्णिया ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यहां की आस्था में एकता की शक्ति बसती है— जहां हर वर्ग, हर समाज मिलकर "राममय" वातावरण रचता है**

----------------------








पाग बांधे किन्नर समाज ने बढ़ाई शोभा, दिया समरसता का संदेश



बाला जी सेवा संघ के रामनवमी शोभा यात्रा मे इस बार शोभायात्रा की सबसे अनोखी और आकर्षक झलक रही किन्नर समाज की गरिमामयी भागीदारी। पाग (पगड़ी) बांधे किन्नर समाज के सदस्य मुख्य अतिथि के रूप में शोभायात्रा में शामिल हुए। उनकी उपस्थिति ने न केवल शोभा बढ़ाई बल्कि समाज में समानता, सम्मान और एकता का सशक्त संदेश भी दिया।





रामनवमी के पावन अवसर पर पूर्णिया एक बार फिर आस्था के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आया। बालाजी सेवा संघ द्वारा गुलाबबाग के राममोहनी चौक स्थित हनुमान मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को "जय श्री राम" के उद्घोष से गुंजायमान कर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो हर गली, हर चौक अयोध्या में तब्दील हो गया हो। इस शोभा यात्रा मे सादर विधायक विजय खेमका ,महापौर विभा कुमारी ,पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव , आचार्य हरिओम बाबा ,श्री राम सेवा संघ सहित संमतन धर्म जुड़े अन्य संस्थाओं कर पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे ।

**जनसैलाब ने तोड़े सारे रिकॉर्ड,**

शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब अपने आप में ऐतिहासिक रहा। बाला जी सेवा संघ के मुताबिक करीब 20 हजार से अधिक रामभक्त भगवा ध्वज और पगड़ी धारण कर भक्ति में लीन नजर आए। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी ने एक सुर में प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

**शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी आस्था की धारा**

राममोहनी चौक से शुरू हुई यह भव्य यात्रा सनौली चौक, कटिहार मोड़, स्टेशन रोड, सदर थाना, कालीबाड़ी चौक, सराय मंदिर सिटी, हसदा होते हुए जीरोमाइल गुलाबबाग तक पहुंची और पुनः प्रारंभ स्थल पर आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ और उत्साह देखते ही बनता था।

**झांकियों और कलाकारों ने बांधा समां**

गाजे-बाजे, डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बनारस, कोलकाता और उड़ीसा से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से चार चांद लगा दिए।

अयोध्या के श्रीराम मंदिर की झांकी खास आकर्षण का केंद्र बनी, वहीं सीता-राम, शिव-पार्वती, बजरंगबली, मां काली और राक्षस दल की झांकियों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।

**जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। फूलों की वर्षा और जयकारों के बीच पूरा वातावरण उत्सव में तब्दील हो गया।

**समर्पित टीम ने रचा भव्य आयोजन**

इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में बालाजी सेवा संघ के अध्यक्ष नीतीश वर्णवाल, प्रवक्ता अमन जायसवाल, उपाध्यक्ष अजय झा, संरक्षक सुजीत शर्मा, अभिषेक मंजुल, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सहित सभी सदस्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही

# रामनवमी पर भक्ति और सेवा का संगम, महापौर विभा कुमारी व जितेंद्र यादव ने संभाली कमान

## भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, श्रद्धालुओं के लिए पानी, शरबत और सेवा की सराहनीय पहल





**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

------------------

रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को बालाजी सेवा संघ, राममोहनी चौक गुलाबबाग के तत्वावधान में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों रामभक्तों की सहभागिता ने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। सैकड़ों मोटरसाइकिलों पर सवार श्रद्धालु जय श्रीराम और जय हनुमान के उद्घोष के साथ आगे बढ़ते रहे, जबकि भगवा वस्त्रों में सजे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इस दौरान पूर्णिया की महापौर विभा कुमारी एवं सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव शोभायात्रा में सक्रिय रूप से शामिल रहे। दोनों राममोहनी चौक से पैदल चलते हुए श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते नजर आए। उनकी ओर से श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय, नींबू पानी, शरबत की व्यवस्था की गई, वहीं बच्चों के बीच चॉकलेट और बिस्कुट भी वितरित किए गए।

नगर निगम द्वारा वाटर फॉगिंग मशीन से मार्ग में पानी का छिड़काव कर सुविधा सुनिश्चित की गई। महापौर विभा कुमारी ने आयोजन की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

इससे पूर्व दोनों नेताओं ने विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर शहरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# विधायक विजय खेमका रामनवमी शोभायात्रा में रहे शामिल, राम भक्तों का बढ़ाया उत्साह

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

------------------



रामनवमी एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर गुलाबबाग स्थित राम मोहिनी चौक हनुमान मंदिर से बालाजी सेवा संघ द्वारा आयोजित भव्य राम शोभायात्रा में विजय खेमका की सक्रिय सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। विधायक खेमका हजारों श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलते हुए पूरे मार्ग में भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। शोभायात्रा में सजीव झांकियां, गाजे-बाजे और "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। युवाओं, महिलाओं और बच्चों की भारी भागीदारी ने आयोजन को और भव्य बना दिया।

इस अवसर पर विधायक खेमका ने समस्त सनातन हिंदू समाज को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श—मर्यादा, सत्य और धर्म—आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि इन आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

विधायक ने बालाजी सेवा संघ के युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे हर वर्ष इस आयोजन के माध्यम से समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता का संदेश प्रसारित कर रहे हैं।

# रामनवमीशोभा यात्रा से पहले चम्पानगर में फ्लैग मार्च, पुलिस ने दिया शांति और सौहार्द का संदेश

**न्यूज स्केल चम्पानगर (पूर्णिया) :**

------------------

रामनवमी के मद्देनजर चम्पानगर थाना पुलिस ने शनिवार सुबह आयोजित होने वाली शोभायात्रा से पूर्व शुक्रवार दोपहर बाद व्यापक फ्लैग मार्च निकालकर क्षेत्र में शांति और अमन का संदेश दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा प्रस्तावित शोभायात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

दंडाधिकारी के रूप में मौजूद प्रखंड मध्याह्न भोजन पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च की शुरुआत चम्पानगर थाना परिसर से हुई। मार्च मस्जिद टोला, बैद्यनाथ उच्च विद्यालय जगनी, पेट्रोल पंप, कालोनी मोड़ होते हुए चम्पानगर बाजार एवं विभिन्न गांवों और गली-मोहल्लों से गुजरता हुआ पुनः थाना पहुंचकर समाप्त हुआ।

फ्लैग मार्च के दौरान आगे-पीछे चल रही पुलिस वाहनों ने सायरन बजाकर मॉक ड्रिल किया और आम लोगों को सतर्कता का संदेश दिया। प्रशासन ने इस दौरान डीजे पर



पूर्ण प्रतिबंध की घोषणा करते हुए शोभायात्रा के निर्धारित रूट का निरीक्षण भी किया।

थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सामाजिक समरसता बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखना तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

मौके पर अपर थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर राय, पुलिस पदाधिकारी रणवीर सिंह, मो. मुसर्रफ सहित बड़ी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।

# रामनवमी पर पूर्णिया में भक्ति की बयार, 24 घंटे के अखंड संकीर्तन (अष्टयाम) का भव्य शुभारंभ

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

------------------

**■ महापौर विभा कुमारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन, दो स्थानों पर गूंजे भजन— श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**

------------------



रामनवमी के पावन अवसर पर बजरंगबली चौक, ओली टोला स्थित श्री श्री 108 बजरंगबली मंदिर में 24 घंटे के अखंड संकीर्तन (अष्टयाम) का भव्य शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन का उद्घाटन पूर्णिया की महापौर विभा कुमारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मंदिर कमेटी द्वारा महापौर विभा कुमारी एवं सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव का फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जहां पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा की अनूठी छटा देखने को मिली। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों से मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

महापौर विभा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी का पर्व मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन का संदेश देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अखंड संकीर्तन जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को भक्ति के मार्ग से जोड़ते हैं। साथ ही आयोजन समिति को बधाई देते हुए नगरवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

वहीं, जितेंद्र यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करते हैं और आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की।अखंड संकीर्तन के शुभारंभ के साथ ही भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण पूरी तरह सराबोर हो गया और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लेकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं।इसी क्रम में पूर्णिया पूर्व प्रखंड के कवैया वार्ड नंबर एक स्थित बजरंगबली मंदिर में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 24 घंटे के अष्टयाम संकीर्तन में भी महापौर विभा कुमारी एवं जितेंद्र यादव ने भाग लेकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर संतोष साह, संजय साह, केबी विपिन, राजीव ठाकुर, दीनानाथ साह, मिथुन पंडित, महावीर साह, राकेश साह, पप्पू दुबे, सुरेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद मुन्ना सोहेल, पोलो पासवान, प्रकाश यादव, सत्येंद्र यादव, विनोद यादव, मुकेश यादव, दिनेश यादव, प्रदीप यादव, संतोष यादव तथा ओम मेहता सहित कई स्थानीय एवं गणमान्य लोग उपस्थित

## औराही पंचायत में बाबा दीना भद्री सम्मेलन का हुआ भव्य उद्घाटन

**न्यूज स्केल बड़हरा कोठी ,**

बड़हरा कोठी प्रखंड अंतर्गत औराही पंचायत के वार्ड संख्या 05 स्थित औराही गांव में बाबा दीना भद्री सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम कचहरी के सरपंच कृष्णदेव पासवान एवं पंचायत के पूर्व मुखिया कांतलाल ऋषिदेव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा दीना भद्री के विचारों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सरपंच कृष्णदेव पासवान और पूर्व मुखिया कांतलाल ऋषिदेव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज में एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम में योगेन्द्र ऋषि, दिलीप कुमार ऋषि, इंद्रदेव राम, लोढ़ाय ऋषि, संतोष ऋषि, सोमिया देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने



मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

सम्मेलन के दौरान सामाजिक मुद्दों, शिक्षा और समाज के विकास पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहा।

# नवाह परायण पाठ के समापन उपरांत हुआ प्रतिमा का विसर्जन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

------------------

कृत्यानंद नगर प्रखंड के काझा चौक स्थित सर्वेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह परायण पावन पाठ महायज्ञ का समापन श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। समापन के बाद प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सदानंद शर्मा के नेतृत्व में निकली विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण



बना रहा और जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के मनोज ठाकुर, अजय कुमार, निर्मल किशोर और पंकज शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। काझा पंचायत के मुखिया सह केनगर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार साह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजन समिति और पाठक मंडली को साधुवाद दिया। प्रतिमा का विसर्जन काझा कोठी पोखर में संपन्न हुआ।

# आस्था में डूबा शहर : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के विजय का जश्न आज : सौरा नदी तट पर होगा भरत मिलाप

## राममय हुआ शहर , आज पूर्णिया में श्री राम सेवा संघ द्वारा निकालेगी जायेगी रामनवमी की शोभा यात्रा, हजारों राम भक्त होंगे शामिल



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शुक्रवार कों उमंग और उत्साह भरे माहौल में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के विजय का जश्न मनाया गया , रामनवमी के अवसर पर आज श्री राम सेवा संघ और सहयोगी संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होंगे ! शहर में श्री राम सेवा संघ की अगुवाईं में निकलेगा रामनवमी शोभा यात्रा आज शहर के मधुबनी से भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकलेगा जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए पूर्णिया सिटी स्थित सौरा नदी तट पर अवस्थित काली मंदिर पहुंचेगा जहाँ भरत मिलाप के साथ शोभायात्रा का समापन होगा ! इस शोभा यात्रा कों लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारी की गयी है, समुचा शहर भगवा ध्वज से सजा हुआ है जगह जगह होडिंग लगाये गये है ! शहर के समाजिक सांस्कृतिक संगठन, श्री राम सेवा संघ,बजरंग दल, बाला जी सेवा संघ,विश्वहिंदू परिषद,दुर्गा वाहिनी, सहित अन्य संगठन सभी तैयारी में जुटे है, शोभा यात्रा कों लेकर शहर में उत्साह उमंग का नजारा हर तरफ दिख रहा है ! शोभा यात्रा में शामिल लोगों की सेवा के लिये शहर में जगह जगह स्टॉल सजाने लगे है, जहाँ शीतल पेयजल, शरबत और फल फ्रूट से शोभा यात्रा में शामिल लोगों की सेवादारी की जायेगी ! इस वर्ष गत वर्ष के बनिस्पत रामनवमी शोभा यात्रा और अधिक भव्य होने की उम्मीद जतायी जा रही है !

**सुरक्षा व्यवस्था कों लेकर जिला प्रशासन है तैयार :** रामनवमी शोभा यात्रा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने आयोजन समिति के साथ बैठक कर गाइड लाइन जारी किया है ! जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। को रामनवमी से पूर्व शहर में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का संदेश दिया गया।

## रामनवमी पर पूर्णिया में ट्रैफिक का कड़ा प्लान, शहर में कई जगह नो-एंट्री लागू



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**तय किए गए पार्किंग स्थल** वाहनों की पार्किंग के लिए कला भवन, बस स्टैंड परिसर, जिला स्कूल मैदान सहित अन्य चिन्हित स्थान निर्धारित किए गए हैं, जहां आम लोग अपने वाहन सुरक्षित खड़े कर सकेंगे।

**समय आधारित ट्रैफिक प्रतिबंध भी लागू :** शहर के विभिन्न मार्गों पर अलग-अलग समय के अनुसार यातायात प्रतिबंध लागू रहेंगे। आवश्यकता के अनुसार इन समयों में बदलाव भी किया जा सकता है।

**इमरजेंसी सेवाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर :** एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाओं के लिए सभी प्रमुख मार्गों पर ग्रीन कॉरिडोर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही मोबाइल पेट्रोलिंग टीम लगातार सक्रिय रहेगी।

**नियम तोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई :** अवैध पार्किंग, जाम लगाने, तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने या नशे में ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रामनवमी के अवसर पर 28 मार्च को निकलने वाले भव्य शोभायात्रा एवं जुलूस को लेकर पूर्णिया पुलिस ने व्यापक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है।

**जुलूस मार्ग और संवेदनशील इलाके चिन्हित :** शहर के आरण्यनशाह चौक, मधुबनी बाजार, रजनी चौक, लाइन बाजार सहित कई प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाले जाएंगे। इन इलाकों को संवेदनशील मानते हुए यहां विशेष निगरानी और ट्रैफिक कंट्रोल की व्यवस्था रहेगी।

**भारी वाहनों की एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध :** 28 मार्च को सुबह 8:00 बजे से रात 12:30 बजे तक शहर क्षेत्र में सभी प्रकार के भारी एवं व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को जीरो माइल बायपास और अन्य वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा।

**कई जगह 'नो मूवमेंट' और 'नो पार्किंग' जोन घोषित** जुलूस के दौरान लाइन बाजार, झंडा चौक, रजनी चौक कॉरिडोर को पूर्ण नो मूवमेंट जोन बनाया गया है। वहीं गिरजा चौक, आरण्यनशाह चौक, थाना चौक और रजनी चौक को नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

**आम लोगों से सहयोग की अपील :** पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में निजी वाहनों के उपयोग से बचें, निर्धारित मार्गों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

**ड्रोन और वीडियोग्राफी से निगरानी, सिविल ड्रेस में भी रहेगी पुलिस :** संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर वहां विशेष बल की तैनाती की गई है। शोभायात्रा की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। पुलिस सिविल ड्रेस में भी मौजूद रहेगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना से समय रहते निपटा जा सके।

**आज रामनवमी पर सबसे भव्य शोभायात्रा :** रामनवमी पर आज शहर की सबसे बड़ी और भव्य शोभायात्रा मधुबनी दुर्गा स्थान से निकाली जाएगी। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मां काली मंदिर, सिटी रोड पर 'भरत मिलाप' के साथ संपन्न होगी।

इस यात्रा में सांसद , विधायक, पूर्व सांसद मेयर, डिप्टी मेयर समाजसेवी , सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है।

**संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी :** शोभायात्रा मुस्लिम बहुल लाइन बाजार, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, शाहजादिया मस्जिद और शिव मंदिर इलाके से होकर गुजरेगी। इन इलाकों में विशेष निगरानी और भारी पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। इस दौरान ट्रैफिक पूरी तरह से बंद रहेगा

# कामाख्या महोत्सव के आठवें दिन कन्या पूजन और महाआरती की भव्यता, भक्ति में डूबा हरदा



**न्यूज स्केल हरदा (पूर्णिया), संवाददाता :**

- **मंत्री लेशी सिंह ने सैकड़ों कन्याओं का किया पूजन, इंडियन आइडल फेम जय झा की प्रस्तुति से सजी भक्ति संध्या**





केनगर प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता कामाख्या मंदिर में चल रहे राजकीय कामाख्या महोत्सव के आठवें दिन श्रद्धा और आस्था का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। मंत्री लेशी सिंह ने सैकड़ों कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन-यज्ञ और अखंड रामधुन संकीर्तन से गुंजायमान रहा।

महोत्सव में कथा वाचिका राधा किशोरी द्वारा प्रस्तुत भव्य झांकियों और मंच पर कलाकारों की रासलीला ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूर-दराज से आए हजारों भक्तों ने इस आध्यात्मिक आयोजन का आनंद उठाया। वहीं, बीती रात इंडियन आइडल फेम जय झा की भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने भक्ति जागरण को खास बना दिया, जिससे श्रोता देर रात तक भाव-विभोर रहे।

**आयोजन में ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित :** इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार, पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत, मंदिर कमिटी के सूर्यकांत मिश्रा, विश्वबंधु मिश्र, पूर्व मुखिया संतोष मिश्रा, उप प्रमुख विजय शर्मा, सुदर्शन बब्बू, उदय शुक्ला, सुनील मेहता, सुबोध मेहता, बरुण साह, भोला यादव, राजेंद्र यादव, रमेश पोद्दार, राजेश यादव, ललन महतो, बबलू यादव, अजित मिश्र, निरंजन मंडल सहित कई पंचायतों के जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सुरक्षा और व्यवस्था चाक-चौबंद :** महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, थानाध्यक्ष कौशल कुमार एवं राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की व्यापक तैनाती की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

**महाआरती के लिए सजा पोखर घाट :** महोत्सव के तहत शाम साढ़े सात बजे होने वाली महाआरती को लेकर पोखर घाट को फूलों और आकर्षक लाइटिंग से भव्य रूप दिया गया। मंत्री लेशी सिंह की उपस्थिति में पंडित देवानंद तिवारी एवं काशी से आए विद्वान पंडितों द्वारा महाआरती संपन्न कराई गई, जिसमें पूर्णिया प्रमंडल सहित दूर-दराज क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु शामिल हुए।

# काझा पंचायत में भक्ति का सागर : कलश यात्रा एवं 9 दिवसीय नावाह परायण यज्ञ का भव्य समापन

**न्यूज स्केल केनगर/पूर्णिया :**

- **श्रद्धा, उत्साह और जनसैलाब के बीच संपन्न हुआ धार्मिक आयोजन, भक्ति गीतों व प्रसाद वितरण से माहौल हुआ भक्तिमय**



केनगर प्रखंड अंतर्गत काझा पंचायत में आयोजित कलश यात्रा एवं 9 दिवसीय नावाह परायण यज्ञ का भव्य समापन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। समापन के अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

**भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम :** यज्ञ के अंतिम दिन पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों के साथ वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से अनुष्ठान में भाग लिया और सुख-समृद्धि की कामना की।

**गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति :** इस अवसर पर सदानंद शर्मा, आशुतोष कुमार सोनी (मामाजी), सुहानी, निक्की, फूल, निकिता, लक्ष्मी, कार्तिक, अनिल मंडल, दिलीप, उमेश, निर्मल किशोर, शुभम, दीपक, सागर, सरवन, सोनू सुनील उर्फ कैप्सूल शर्मा, गोलू, अजय पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**चिकित्सक व जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाई शोभा :** धार्मिक आयोजन में शकुंतला नारायण होमियोपैथिक क्लिनिक, काझा के अनुभवी चिकित्सक डॉ. समर कुमार 'रमण' की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही मुखिया प्रत्याशी विनीत कुमार, समाजवादी युवा गौरव कुमार धानुक, नीतीश कुमार, युवराज सिंह, मोनू कुमार सिंह, राहुल, मंजीत एवं गणेशपुर के युवा सत्यम कुमार ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

**प्रसाद वितरण के साथ हुआ समापन' :** समापन के अवसर पर यज्ञ स्थल पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ग्रामीणों के सहयोग और सहभागिता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**समापन टिप्पणी :** काझा पंचायत का यह धार्मिक आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहयोग की मिसाल भी पेश कर गया।

# बायसी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 156 लीटर विदेशी शराब जब्त



**न्यूज स्केल बायसी,**

बायसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया। वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोका और तलाशी ली, जिसमें कुल 156 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

बताया जा रहा है कि पुलिस को पहले से ही शराब तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सघन जांच अभियान शुरू किया गया। जैसे ही पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया है और फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के अवैध धंधों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# महानवमी पर भव्य कलश शोभायात्रा, हरदा में गूंजे जयकारे

**न्यूज स्केल हरदा**



चैत्र नवरात्र की महानवमी के पावन अवसर पर नगर निगम वार्ड संख्या 9 अंतर्गत सत्संग विहार टोला, मिल्की मरंगा स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर से नवयुवक पूजा समिति द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

**आकर्षक झांकियों ने मोहा मन :** शोभायात्रा में नवयुवक संघ के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कामेश्वर ऋषि, विकास कुमार मंडल, नागो ऋषि, धीरेंद्र ऋषि, मोहन दास, रोहित ऋषि, राजू कुमार सिंह और संजय कुमार सिंह सहित कई युवाओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

**कारी कोसी से जल भरकर हुआ पूजन :** वार्ड पार्षद सह नगर निगम की स्थायी सशक्त समिति के सदस्य स्वपन घोष ने बताया कि शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर सत्संग विहार टोला, मरंगा बियाडा, मुर्गी फार्म सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए हरदा स्थित कारी कोसी पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद पुनः मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन संपन्न हुआ।

**वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान :** मंदिर परिसर में विधिवत पूजा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ध्वजारोहण किया गया। साथ ही अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

**उमड़ी आस्था, दिखा सामाजिक एकता का भाव :** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने जहां धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ किया, वहीं सामाजिक समरसता और एकता का भी संदेश दिया।

# केनगर पुलिस की कार्रवाई : अलग-अलग मामलों में दो युवक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**न्यूज स्केल के नगर**




पूर्णिया जिले के केनगर थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बनभाग इदगाह टोला निवासी काजो नद्दाफ के पुत्र सोनू नद्दाफ उर्फ शमशाद आलम की हुई है।

उन्होंने बताया कि सोनू नद्दाफ पर जान मारने की नीयत से मारपीट करने का गंभीर आरोप है। इस मामले में 4 सितम्बर 2025 को थाना कांड संख्या- 207/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी गिरफ्तारी मोगलटोली टोला निवासी शेख सजीम के 31 वर्षीय पुत्र शेख तबरेज़ की हुई है। पुलिस के अनुसार, शेख तबरेज़ को शराब के नशे में हंगामा करते हुए पकड़ा गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपितों को शुक्रवार को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूर्णिया भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# नवमी पर उमड़ी आस्था की लहर, कन्या पूजन व हवन से भक्तिमय हुआ पूर्णिया

**न्यूज स्केल पूर्णिया।,**





चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को जिलेभर में श्रद्धा और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। उदया नवमी के शुभ अवसर पर भक्तों ने पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार मां दुर्गा की आराधना की। सुबह से ही मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया, जहां श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।

इस अवसर पर कन्या पूजन का विशेष महत्व रहा। श्रद्धालुओं ने छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए, तिलक लगाया और उन्हें आदरपूर्वक भोजन कराया। कन्याओं को उपहार स्वरूप वस्त्र, फल एवं दक्षिणा भी प्रदान की गई।

कन्या पूजन के बाद हवन-पूजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति देकर सुख-शांति, समृद्धि और परिवार के कल्याण की कामना की। हवन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और आसपास के क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार महसूस किया गया।

पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मंदिरों और पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूरे आयोजन में सनातन परंपराओं और धार्मिक संस्कारों की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

नवमी के इस पावन अवसर पर पूर्णिया में भक्ति, उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए नवरात्र का समापन किया।

## उदया नवमी पर कन्या पूजन की धूम, हवन-प्रसाद से पूर्णिया में छाया भक्तिमय माहौल

**▪ श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति से मां दुर्गा की आराधना कर मांगा आशीर्वाद**

-------------------

चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को पूरे जिले में धार्मिक उत्साह चरम पर रहा। उदया नवमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ की। सुबह से ही पूजा स्थलों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी और वातावरण भक्ति के रंग में रंग गया।



नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होने के कारण श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया। विधिपूर्वक उनके चरण धोकर, तिलक लगाकर और उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इसके साथ ही उपहार एवं दक्षिणा देकर उनका सम्मान किया गया, जिससे धार्मिक परंपरा का निर्वहन हुआ।इसके उपरांत हवन का आयोजन किया गया, जिसमें पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां दी गईं। श्रद्धालुओं ने हवन में भाग लेकर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना की। हवन के दौरान पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा।हवन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मंदिरों और घरों में भक्तों का आना-जाना लगा रहा और पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही।

उदया नवमी के इस अवसर पर पूर्णिया में सनातन परंपराओं की झलक के साथ भक्ति और उल्लास का संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए नवरात्र का समापन किया।

---

## संसद में गूंजा पूर्णिया की बेटियों की सुरक्षा का मुद्दा

# डगुरुवा कांड समेत बढ़ते अपराधों पर सांसद पप्पू यादव ने जताई चिंता, सख्त कानून की मांग

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



बिहार में बच्चियों के साथ बढ़ती दुष्कर्म, हिंसा और शोषण की घटनाओं को लेकर पूर्णिया के सांसद Rajesh Ranjan (Pappu Yadav) ने लोकसभा में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पूर्णिया के डगुरुवा में छात्राओं के साथ हुई दरिंदगी का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सख्त कानून बनाने की मांग की।

सांसद ने कहा कि राज्य में गरीब, दलित और कमजोर वर्ग की बच्चियां शिक्षा के लिए घर से बाहर निकलती हैं, लेकिन छात्रावास, कोचिंग संस्थान और स्कूल सुरक्षित नहीं रह गए हैं। उन्होंने डगुरुवा की घटना का जिक्र करते हुए इसे समाज के लिए शर्मनाक बताया और कहा कि ऐसी घटनाओं पर तत्काल और कठोर कार्रवाई जरूरी है।

उन्होंने NEET की तैयारी कर रही छात्रा के मामले में न्याय में हो रही देरी पर भी सवाल उठाया और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। पप्पू यादव ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसके लिए विशेष कानून, सख्त निगरानी और जवाबदेही तय की जानी चाहिए।सांसद ने राज्य में बढ़ती हत्या और अपराध की घटनाओं पर भी चिंता जताई और कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई, एफआईआर दर्ज करने और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की।अंत में उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता और इसके लिए सरकार व समाज दोनों को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे।

---

## शौर्य वंदन साइकिल यात्रा के नायकों का भव्य सम्मान

# 955 किमी की कठिन यात्रा पूरी कर लौटे साइक्लिस्ट, साहस और देशभक्ति को मिला सलाम

**न्यूज स्केल पूर्णिया।**

-----------------------------

पूर्णिया। देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात जवानों के सम्मान में निकाली गई "शौर्य वंदन साइकिल यात्रा" पूरी कर लौटे साइक्लिस्टों के सम्मान में पूर्णिया डिस्ट्रिक्ट साइकिलिंग एसोसिएशन (पीडीसीए) द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह गुरुवार की संध्या शहर के होटल हाइवे किंग में आयोजित हुआ, जहां साइक्लिस्टों के अदम्य साहस और समर्पण को सराहा गया।





**10 दिनों में 955 किलोमीटर का सफर, तवांग तक पहुंचा दल**

पीडीसीए की 11 सदस्यीय टीम ने 14 मार्च को पूर्णिया से अपनी यात्रा शुरू की। बिहार, बंगाल, असम और अरुणाचल प्रदेश होते हुए 22 मार्च को टीम ने अपने अंतिम पड़ाव तवांग पहुंचकर मिशन पूरा किया। समुद्र तल से लगभग 13,700 फीट की ऊंचाई और माइनस 3 डिग्री सेल्सियस तापमान में इस चुनौतीपूर्ण यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करना टीम के जज्बे को दर्शाता है।

**सीमा पर जवानों ने किया स्वागत, हर मोड़ पर मिला सहयोग:** यात्रा के दौरान करीब 20 स्थानों पर सशस्त्र सीमा बल (SSB) की विभिन्न बटालियनों ने साइक्लिस्टों को सुरक्षा, मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन प्रदान किया। 24 मार्च को पूर्णिया लौटने पर SSB के डीआईजी मधुकर अभिताभ एवं अन्य अधिकारियों ने टीम का गर्मजोशी से स्वागत कर सम्मानित किया।

**सम्मान समारोह में अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर किया गौरवान्वित:** समारोह में पीडीसीए के सदस्यों ने साइक्लिस्टों को अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। उद्घोषक कनक परासर ने कहा कि यह यात्रा न केवल सीमा बल के जवानों के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का भी गौरवपूर्ण प्रयास है।

**साइक्लिस्टों ने साझा किए रोमांचक अनुभव** : यात्रा दल के वरिष्ठ राइडर्स राकेश कुमार पवन, विजय शंकर सिंह, राजीव रंजन (विक्की सिंह), प्रियांशु दत्त झा, सतीश चौबे एवं क्रू मेंबर शशांक शेखर सिंह, जय सिंह, मधुकर पांडे, नागेश्वर दास (लाफिंग बुद्धा) और राजेंद्र महता ने यात्रा के अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय पल बताया।

**बड़ी संख्या में सदस्य रहे उपस्थित, सामूहिक भोज का आयोजन:** समारोह में पीडीसीए के वरिष्ठ सदस्य डॉ. आलोक कुमार, आदित्य केजरीवाल, आलोक लोहिया, परिमल सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष नवीन सिंह ने दूरभाष के माध्यम से टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह यात्रा केवल एक साहसिक अभियान नहीं, बल्कि देशभक्ति, समर्पण और एकता का जीवंत उदाहरण है, जिसने युवाओं को प्रेरित करने का काम किया है।

---

# विश्व रंगमंच दिवस पर पूर्णिया में अभिनय की पाठशाला, युवाओं को मिलेगा मंचीय हुनर निखारने का मौका

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



**01: डॉन बॉस्को मिशन स्कूल, भवानीपुर में पांच दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला की शुरुआत**

-------------------

**02 : वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश राय देंगे प्रशिक्षण, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच**

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर "बुद्धा विज्डम वर्ल्ड सोसाइटी, मिल्की रंगपुरा, पूर्णिया" के तत्वावधान में भवानीपुर स्थित डॉन बॉस्को मिशन स्कूल परिसर में पांच दिवसीय अभिनय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। 27 मार्च से शुरू हुई यह कार्यशाला आगामी पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से जुड़े युवा कलाकार और रंगकर्मी भाग ले रहे हैं।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय की बारीकियों से रूबरू कराने के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी एवं भिखारी ठाकुर सम्मान और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मिथिलेश राय (NSD) मार्गदर्शन दे रहे हैं। उनके अनुभव के जरिए प्रतिभागियों को संवाद अदायगी, शारीरिक अभिव्यक्ति, भाव-भंगिमा और मंचीय अनुशासन का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यशाला का निर्देशन रजनीश आर्या कर रहे हैं, जबकि प्रभारी की जिम्मेदारी निर्मल कुमार राम निभा रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के बच्चों और युवाओं में छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें रंगमंच के प्रति प्रेरित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान नाट्य सिद्धांत, नवरस, चरित्र निर्माण, मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और समूह प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इससे प्रतिभागियों को न केवल अभिनय कला की समझ विकसित होगी, बल्कि आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता भी मजबूत होगी।

आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन कला और संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का प्रभावी माध्यम बनते हैं। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर यह पहल जिले के सांस्कृतिक परिदृश्य को नई दिशा देने की कोशिश है।

कार्यशाला में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। स्थानीय कलाकारों, अभिभावकों और रंगमंच प्रेमियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें, ताकि क्षेत्र में रंगमंचीय गतिविधियों को और मजबूती मिल

---

# पूर्णिया में एनीमिया पर वार : FCM इंजेक्शन अभियान का भव्य शुभारंभ

**न्यूज स्केल कसबा**

-----------------------------



बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य अभियान के तहत फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (एफसीएम) इंजेक्शन थेरेपी का राज्य स्तरीय शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया। इस पहल का उद्देश्य एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को त्वरित और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना है।जिला स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कसबा में सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कन्नौजिया ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आशा कार्यकर्ताओं की मदद से गर्भवती महिलाओं को केंद्र तक लाया गया, जहां जांच के बाद चयनित महिलाओं को सुरक्षित रूप से एफसीएम इंजेक्शन दिया गया।

अभियान के तहत 7 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं का उपचार किया जाएगा, जिससे जटिलताओं में कमी आएगी। पिरामल टीम के तकनीकी सहयोग से कार्यक्रम को प्रभावी बनाया गया।

चिकित्सकों ने संतुलित आहार, नियमित जांच और एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य इस अभियान को व्यापक बनाकर मातृ स्वास्थ्य में सुधार लाना है।

---

# पूर्णिया में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं, 7730 का हुआ वितरण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



पूर्णिया, 27 मार्च। जिले में एलपीजी गैस को लेकर किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। जिला प्रशासन ने साफ तौर पर कहा है कि रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। शुक्रवार को जिले के विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा कुल 7730 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया, जबकि 21223 गैस सिलेंडर अभी भी एजेंसियों के गोदामों में स्टॉक के रूप में सुरक्षित रखे गए हैं।

**एजेंसियों द्वारा नियमित होम डिलीवरी जारी:** अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री रविशंकर उरांव ने बताया कि जिले में संचालित सभी एलपीजी गैस एजेंसियां पूर्व की तरह सुचारु रूप से कार्य कर रही हैं। उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान स्टॉक की स्थिति को देखते हुए जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

**ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए तय आपूर्ति चक्र**

जिला प्रशासन के अनुसार, गैस आपूर्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 45 दिनों का चक्र निर्धारित किया गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि करीब 25 दिनों की है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घबराकर गैस सिलेंडर की बुकिंग न करें, बल्कि नियमानुसार ही बुकिंग कराएं। इससे सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**कालाबाजारी पर सख्ती, शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी:** जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कालाबाजारी और मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और औचक छापेमारी भी की जा रही है। यदि किसी उपभोक्ता को गैस से संबंधित कोई शिकायत हो तो वे जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319, 242317 एवं 242320 पर संपर्क कर सकते हैं।

**अफवाहों से बचने की अपील**

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर और पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध हो सके।

---

# रामनवमी शोभायात्रा के स्वागत को तैयार श्रीराम जानकी महावीर मंदिर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-----------------------------





पूर्णिया के आर एन साह चौक स्थित श्रीराम जानकी महावीर मंदिर रामनवमी शोभायात्रा के स्वागत के लिए भव्य रूप से सजकर तैयार हो चुका है। मंदिर समिति द्वारा सेवा, श्रद्धा और भक्ति का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

**भव्य सजावट से सजा मंदिर परिसर:** रामनवमी के पावन अवसर पर मंदिर को रंग-रोगन, पुष्प मालाओं, आकर्षक बिजली लाइटिंग और भगवा ध्वजों से सजाया गया है। मंदिर की मनमोहक छटा दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। शहर के हृदय स्थल पर स्थित यह मंदिर रामभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

**सेवा और स्वागत की विशेष व्यवस्था:** शोभायात्रा में शामिल लाखों रामभक्तों के स्वागत के लिए मंदिर समिति ने पुष्प वर्षा, महाभोग प्रसाद, मेंगो जूस एवं शीतल पेय की व्यापक व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर तैयारी की गई है।

**अखंड रामायण पाठ से राममय वातावरण:** मंदिर में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ जारी है। आर एन साह चौक से लेकर लखन चौक, बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड तक ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाए गए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में रामायण की ध्वनि गूंज रही है और वातावरण पूरी तरह राममय हो गया है।

**ऐतिहासिक शोभायात्रा में उमड़ेगा जनसैलाब:** पूर्णिया की रामनवमी शोभायात्रा देश की दूसरी सबसे बड़ी शोभायात्रा मानी जाती है, जिसमें करीब 5 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। लगभग 10 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में भव्य झांकियां, ढोल-नगाड़े और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मंदिर समिति ने सभी रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सेवा का अवसर प्रदान करने की अपील की है।

# अररिया : रामनवमी पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, कंट्रोल रूम से हुई निगरानी

**न्यूज स्केल अररिया**





शुक्रवार को रामनवमी पर्व के अवसर पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। नगर थाना परिसर स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जिला पदाधिकारी Vinod Duhan एवं पुलिस अधीक्षक Jitendra Kumar ने संयुक्त रूप से शोभा यात्रा की निगरानी की। आधुनिक तकनीक के माध्यम से शहर के विभिन्न मार्गों, प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी गई, जिससे हर गतिविधि पर प्रशासन की सीधी निगरानी बनी रही।

**संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष तैनाती**: रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पहले से ही संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। इन स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती गई, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। सुरक्षा बलों की सक्रिय उपस्थिति से आमजन में भरोसा भी कायम रहा। **अधिकारियों को लगातार** भ्रमणशील रहने के निर्देश जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें और हर स्थिति पर पैनी नजर बनाए रखें। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। **शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ पर्व**: प्रशासन की मुस्तैदी और सजगता का ही परिणाम रहा कि पूरे जिले में रामनवमी का पर्व शांति, सौहार्द और उत्साह के वातावरण में संपन्न हो रहा है। आम नागरिकों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए अनुशासन बनाए रखा। शोभा यात्रा और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे पर्व का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# कटिहार में गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों पर ध्यान न दें : एडीएसओ

**कटिहार,** (हि.स.)।

■ **जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है और पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।**

-------------



प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुणाल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मध्य पूर्व में चल रहे विवाद के कारण गैस आपूर्ति को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कटिहार जिले में 54 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं, जिनके पास 15825 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।
उन्होंने बताया कि कल 6200 बुकिंग के विरूद्ध 7058 गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई है। साथ ही 720 व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि जिले में गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है और सामान्य रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है।
उन्होंने बताया कि आज 7700 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को आसानी से गैस सिलेंडर मिल सके। उन्होंने अपील की कि उपभोक्ता धैर्य बनाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें
एडीएसओ ने बताया कि गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए 16 धावा दल गठित किए हैं और जिले में अब तक 5 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। जिला प्रशासन ने उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर - 06452-239025 और 239026 जारी किए हैं।

# किशनगंज में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, 9623 से अधिक सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध

**न्यूज स्केल किसनगंज**



उप विकास आयुक्त, किशनगंज ने जानकारी दी है कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। वर्तमान स्थिति में जिले में 9623 से अधिक सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**होम डिलीवरी व्यवस्था सुचारू**
जिले में गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया है। अब उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है। वे अपने घर से ही बुकिंग कर सकते हैं और पूर्व की भांति 2 से 3 दिनों के भीतर उन्हें सिलेंडर होम डिलीवरी के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जाएगा।

**बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित**: शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए पुनः बुकिंग की समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता 25 दिनों के बाद और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता 45 दिनों के बाद ही अगली बुकिंग कर सकेंगे। इससे आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने में मदद मिलेगी।

**छापेमारी और कंट्रोल रूम सक्रिय**: कालाबाजारी एवं जमाखोरी को रोकने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी की जा रही है।
वहीं, आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित होता है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 06456-225152 है। अब तक प्राप्त एलपीजी से संबंधित एक शिकायत का समय पर निष्पादन किया गया है।
प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस उपलब्धता को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

# जिले में रसोई गैस आपूर्ति सामान्य, 23 एजेंसियों पर औचक छापेमारी

**न्यूज स्केल अररिया**



जिले में रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। प्रशासन के अनुसार सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। **शिकायत निवारण के लिए नियंत्रण कक्ष सक्रिय** : जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गैस से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। 17 मार्च से 27 मार्च 2026 तक कुल 178 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 107 शिकायतों का सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया है। शेष 71 लंबित शिकायतों को त्वरित समाधान के लिए संबंधित गैस एजेंसियों के एरिया मैनेजरों को भेज दिया गया है। **23 गैस एजेंसियों पर औचक छापेमारी**: पारदर्शिता और व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 27 मार्च को जिले की 23 गैस एजेंसियों पर औचक छापेमारी की गई। इस दौरान एजेंसियों में उपलब्ध स्टॉक, वितरण प्रक्रिया तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत जांच की गई। प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी एजेंसियां निर्धारित नियमों के अनुसार कार्य करें।

**प्रशासन की सख्ती और उपभोक्ताओं से अपील**: जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी समस्या की स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उसका शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# दुकानदारों ने नगर परिषद के खिलाफ किया प्रदर्शन



**अररिया** (हि.स.)। फारबिसगंज नगर परिषद को लाखों रूपये का राजस्व देने वाला फुलवरिया हाट के दुकानदारों ने शुक्रवार को नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।आक्रोशित दुकानदारों ने नाले के गंदे पानी का जल जमाव और उठते दुर्गंध को लेकर नगर परिषद प्रशासन के उदासीन रवैये के खिलाफ प्रदर्शन किया।
प्रदर्शन कर रहे दुकानदार नाथू साह एवं गोलू कुमार ने कहा कई सालों से फुलवरिया हटिया के मुख्य मार्ग पर नाला का बदबूदार गंदा पानी बह रहा है। हम लोग दुकान नहीं खोल पा रहे हैं, जिस कारण हम लोगों का जीना मुश्किल हो चुका है। उन्होंने कहा अगर तीन दिनों के अंदर समाधान नहीं हुआ तो नगर परिषद के विरोध में धरना देंगे।आक्रोशित दुकानदारों ने नगर परिषद मुर्दाबाद,मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं पार्षद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
मौके पर मौजूद बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी ने कहा रामनवमी के पावन अवसर पर पूरे देश भर में सफाई का बड़ा ही ख्याल रखा जाता है। आखिर फारबिसगंज नगर परिषद रामनवमी के अवसर पर फुलवरिया हाट मुख्य मार्ग पर लगे गंदे बदबूदार पानी का साफ सफाई क्यों नहीं किया। नगर परिषद भेदभाव क्यों कर रही है।
सोनी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को एवं अधिकारियों को काफी जागरूक रहने की अपील करते हैं और दूसरी ओर फारबिसगंज नगर परिषद प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान का धत्ता बताता फिर रहा है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद प्रशासन के ऊपर मुकदमा दर्ज होनी चाहिए।

# रामनवमी पर राममय हुआ भागलपुर



**भागलपुर,** (हि.स.)। रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को भागलपुर शहर पूरी तरह भक्ति, आस्था और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। हिंदुत्व सेवा संघ के तत्वावधान में निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को राममय बना दिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए और "जय श्री राम" के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। हर गली, चौक और मार्ग पर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा की शुरुआत मायागंज स्थित महाकालेश्वर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। मंदिर परिसर में विशेष पूजन के बाद भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर यात्रा को रवाना किया गया। यह शोभायात्रा घंटाघर चौक, स्टेशन रोड, तिलकामांझी चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा, भारत माता की झांकी और नंदी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और भक्ति गीतों की धुन ने माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया। इस बार मंजूषा कला से सजी पारंपरिक बैलगाड़ी ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जो स्थानीय संस्कृति और कला का सुंदर प्रदर्शन थी। शोभायात्रा में महिलाओं और कन्याओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कई स्थानों पर महिलाओं ने लाठी-डंडों का प्रदर्शन कर आत्मरक्षा और परंपरा का परिचय दिया। युवाओं ने भगवा ध्वज के साथ पूरे उत्साह में भाग लिया, जबकि बुजुर्ग और बच्चों की मौजूदगी ने आयोजन को जन-जन का उत्सव बना दिया। समापन के बाद मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नीलमणि उर्फ सोनू सम्राट, विजय यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पुलिस ने हत्याकांड में शामिल चार आरोपित को किया गिरफ्तार




**कटिहार,** (हि.स.)। जिले के कोढ़ा पुलिस ने मुन्ना कुमार हत्याकांड में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितो में मो. शमशेर ग्राम गेड़ाबाड़ी बस्ती, विक्रम कुमार रविदास, ग्राम गेड़ाबाड़ी बस्ती पोखर टोला वार्ड नं0-04, सोनू सहनी, ग्राम गेड़ाबाड़ी बाजार वार्ड नं0-05, थाना-कोढ़ा, जिला-कटिहार एवं मो. मुसराईल मंसूरी, ग्राम बालू टोला वार्ड नं0-17 हथवारा पंचायत थाना-फलका जिला-कटिहार शामिल हैं।
सदर-2 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मुन्ना कुमार 28 फरवरी को अचानक गायब हो गया था, जिसका शव 5 मार्च को गेड़ाबाड़ी बस्ती में स्थित मकई खेत से बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि मुन्ना कुमार की हत्या पैसे की लालच में की गई थी और उसके मोबाइल को बेचने की कोशिश की गई थी।
डीएसपी ने बताया कि मुन्ना कुमार के मोबाइल के सीडीआर के विश्लेषण से पता चला कि उसकी हत्या में मो. शमशेर शामिल था। इसके बाद पुलिस ने मो. शमशेर को गिरफ्तार किया और उसके निशानदेही पर अन्य तीन अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अपराधियों के पास से मृतक का मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन अपराधियों के खिलाफ कोढ़ा थाना कांड सं0-93/26 दर्ज किया गया है।

# सिल्क ग्लोबल एक्सपो एंड स्टार्टअप बिजनेस मेला



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। आगामी 24 अप्रैल से शहर में सिल्क ग्लोबल एक्सपो एंड स्टार्टअप बिजनेस मेले का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जो लगातार 18 दिनों तक चलेगा। इसको लेकर आयोजकों ने शुक्रवार को बताया कि यह मेला दिल्ली के प्रगति मैदान में लगने वाले अंतरराष्ट्रीय मेले की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। जहां लोगों को बड़े स्तर का व्यापारिक और सांस्कृतिक अनुभव एक ही स्थान पर मिलेगा। आयोजकों के अनुसार मेले में देश-विदेश के सिल्क उत्पाद, हस्तशिल्प, रेडीमेड गारमेंट्स, घरेलू सामान, आधुनिक तकनीक और स्टार्टअप कंपनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां आने वाले लोगों को खरीदारी के साथ-साथ नए बिजनेस आइडिया, रोजगार के अवसर और उद्यमिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी मिलेगी।
भागलपुर सिल्क नगरी के रूप में विश्व प्रसिद्ध है। ऐसे में यह एक्सपो स्थानीय बुनकरों, व्यापारियों और युवाओं के लिए बड़ा मंच साबित हो सकता है। मेले में मनोरंजन, फूड जोन, बच्चों के लिए आकर्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। जिससे पूरा परिवार इसका आनंद उठा सकेगा। आयोजकों को उम्मीद है कि यह आयोजन भागलपुर की पहचान, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देगा।

# ठाकुरगंज सीएचसी में रिश्वत का आरोप, "पेमेंट आ गया कितना दोगे?" व्हाट्सएप चैट वायरल, जांच टीम गठित






**किशनगंज,** (हि.स.)। ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में आ गया है। यहां पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अखलाकुर रहमान पर रिश्वतखोरी, मानसिक उत्पीड़न और महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ दुराचार जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामला तब और तूल पकड़ गया जब एक कथित व्हाट्सएप चैट वायरल हो गई, जिसमें "पेमेंट आ गया कितना दोगे?" जैसे संदेश सामने आए। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। टीम में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, गैर संचारी रोग पदाधिकारी तथा जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी को शामिल किया गया है। टीम को तीन दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि 29 एएनएम, सीएचओ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सामूहिक रूप से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कर्मचारियों से प्रोत्साहन राशि और वेतन में हिस्सा मांगा जाता है। पैसे देने से इनकार करने पर छुट्टियां रोकने और प्रशासनिक स्तर पर प्रताड़ित करने की बातें भी कही गई हैं। महिला कर्मियों ने यह भी आरोप लगाया है कि देर रात वीडियो कॉल कर अनुचित दबाव बनाया जाता है। उन्होंने व्हाट्सएप चैट सहित कई डिजिटल साक्ष्य जांच टीम को सौंपने का दावा किया है। वहीं, स्थानीय विधायक गोपाल अग्रवाल ने मामले को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, डॉ. अखलाकुर रहमान ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि यह उनकी छवि खराब करने की साजिश है। फिलहाल पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# मां सिद्धिदात्री की भक्ति में सराबोर सुपौल ,नवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## कन्या पूजन, हवन और महाआरती से गूंजे मंदिर सामूहिक आरती ने बांधा श्रद्धा का रंग

**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल में चैती नवरात्रा के नौवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। आदिशक्ति मां दुर्गा के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में
महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर ओर "जय माता दी" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जिला मुख्यालय स्थित वार्ड 7 चैती दुर्गा मंदिर में दिनभर पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की







भीड़ रही। अध्यक्ष डॉ विजय शंकर चौधरी और सचिव प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि बनारस के पंडितों के द्वारा हवन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया,
जहां श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से माता की आराधना की। फूल, चुनरी और नारियल अर्पित कर भक्तों ने सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।
दोपहर में कन्या पूजन का विशेष महत्व देखा गया। श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं को मां का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया और उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह परंपरा आस्था और संस्कृति की गहरी जड़ें दर्शाती है। वहीं शाम होते ही हवन का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने आहुति देकर परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। मंदिरों में आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सामूहिक रूप से आरती गायन ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। दीपों की जगमगाहट और घंटियों की गूंज के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।
आचार्य धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि मां सिद्धिदात्री सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवी हैं। उनकी पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है और सभी बाधाएं दूर होती हैं।
नवरात्रा के इस पावन अवसर पर सुपौल पूरी तरह भक्तिरस में डूबा नजर आया, जहां हर मंदिर में आस्था की लौ प्रज्वलित रही और श्रद्धालुओं की भक्ति अपने चरम पर दिखी।

# रामनवमी पर राघोपुर में निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा







**न्यूज स्केल, राघोपुर**

प्रखंड के गणपतगंज में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को भव्य और विराट शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा बजरंगबली मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई।
यह शोभायात्रा बजरंगबली मंदिर से निकलकर गणपतगंज मैन चौक, एनएच-106 होते हुए पिपरा रोड, किशनपुर मोड़, मारवाड़ी टोला, दुर्गा मंदिर रोड, अस्पताल के सामने गली होते हुए गर्ल्स स्कूल रोड तक पहुंची। जहां पुनः एनएच-106 के रास्ते गणपतगंज मुख्य बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर रोड के रास्ते बजरंगबली मंदिर प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई।
शोभायात्रा में महिला, पुरुष और बच्चों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों और भगवा ध्वजों के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। रामभक्ति गीतों पर युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। जैसे-जैसे शोभायात्रा विभिन्न गलियों से गुजरती गई, स्थानीय लोग भी उत्साहपूर्वक इसमें शामिल होते गए, जिससे यात्रा का स्वरूप और भी विशाल होता गया।
इस दौरान रथ पर सवार भगवान राम और माता सीता की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शर्बत आदि की भी व्यवस्था की गई थी, जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिली।
महिलाओं में भी शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में महिलाएं घरों से निकलकर शोभायात्रा में शामिल हुईं और श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाई।
वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शोभायात्रा के दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुवेश कुमार एवं प्रखंडउड्डयन पदाधिकारी कुसुम यादव तैनात रहे। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय अपने दर्जनों पुलिस बलों के साथ पूरी यात्रा में मुस्तैद रहे। इसके अलावा एसडीएम नीरज कुमार और डीएसपी सुरेंद्र कुमार भी लगातार निगरानी करते रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।
शोभायात्रा के समापन के बाद बजरंगबली मंदिर में महा आरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन ने गणपतगंज क्षेत्र में धार्मिक एकता और उत्साह का अद्भुत संदेश दिया।

# भव्य बाइक रैली से गूंजा त्रिवेणीगंज, रामनवमी शोभायात्रा को लेकर दिखा उत्साह



**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज।**

रामनवमी के पावन अवसर पर बुधवार संध्या त्रिवेणीगंज में हिंदू जागृति मंच द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई। मेला ग्राउंड स्थित काली मंदिर से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः वहीं समाप्त हुई। इस दौरान "जय श्री राम" के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। युवाओं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंच के सदस्यों ने गुरुवार की शोभायात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया, जबकि प्रशासन सुरक्षा को लेकर सतर्क दिखा।

# 18 वर्षीय युवक की संदेहास्पद मौत , पुलिस जांच में जुटी

**न्यूज स्केल, छातापुर।**

छातापुर थाना क्षेत्र स्थित माधोपुर पंचायत के वार्ड संख्या 13 में संदेहास्पद अवस्था में एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतक युवक मो जसीम का 18 वर्षीय पुत्र मो साहिल बताया जाता है। जानकारी अनुसार गुरुवार की देर संध्या साहिल अपने कमरे में जाकर बंद हो गया। घर के लोगों को लगा कि वह सोने गया है। शुक्रवार की सुबह जब देर तक कमरा का दरवाजा नहीं खुला तो साहिल के छोटे भाई ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया तो उन्होंने कमरे में झांककर देखा तो वह फंदे से लटका



हुआ था। आनन फानन में घर के लोगों ने दरवाजा तोड़कर साहिल को बाहर निकाला तो उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। इस बीच किसी ने थाना पुलिस को सूचना दे दी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना का जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया। इस बीच घटना को लेकर जितने मुंह उतनी बातें हो रही है। कोई युवक को शारीरिक रूप से अस्वस्थ बता रहा है तो कोई पिता की प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगाने की बातें कह रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकता है। वहीं परिजनों की मानें तो युवक कुछ दिनों से अपने इलाज के लिए पिता पर दबाव बना रहा था और तंगहाली के कारण पिता उपचार कराने में असमर्थता जाहिर कर रहे थे। इधर, युवक की मौत से घर में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संदर्भ में पूछने पर थानाध्यक्ष प्रमोद झा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में सदर अस्पताल भेजा गया है, आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मचहा की पावन धरती पर गूंजा संतमत का संदेश, साधना और सत्संग से जीवन आलोकित करने का आह्वान

## स्वामी हरिनंदन परमहंस जी की जयंती पर दो दिवसीय सत्संग का शुभारंभ, दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु

**न्यूज स्केल, बलुआ बाजार।**

अनुमंडल मुख्यालय के समीप मचहा गांव की पावन धरती शुक्रवार को पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगी नजर आई, जहां दो दिवसीय संतमत सत्संग का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन संतमत के वर्तमान आचार्य स्वामी हरिनंदन परमहंस महाराज की जयंती के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विनती, प्रार्थना और ध्यान से हुई, जिससे पूरा परिसर भक्ति और साधना की ऊर्जा से भर उठा। विभिन्न स्थानों से आए संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में





भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

**संतों ने बताए जीवन के वास्तविक मूल्य :** सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी प्रमोदानंद जी ने कहा कि सत्संग मानव जीवन की आधारशिला है और इसके बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि भौतिक सुख क्षणिक होते हैं, जबकि सच्चा सुख ध्यान, साधना और आत्मचिंतन से ही प्राप्त किया जा सकता है। वहीं स्वामी डॉ. निर्मलानंद जी ने संतों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत त्याग, तप और सत्य के मार्ग के प्रतीक होते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकता है।

**भंडारा और दीक्षा कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ :** महर्षि मेंही आश्रम परिसर में भंडारा एवं दीक्षा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और दीक्षा लेकर आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कई संत-महात्माओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।

**भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा मचहा गांव :** पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन, सत्संग और ध्यान में लीन नजर आए। मचहा गांव का वातावरण पूरी तरह भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर रहा। पहले दिन उमड़ी भारी भीड़ से यह स्पष्ट हुआ कि संतमत के प्रति लोगों की आस्था लगातार बढ़ रही है। आयोजन का समापन शनिवार को होगा, जिसमें और अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# नेपाल से लौटते समय शराब पीकर आ रहे पांच शिक्षक हिरासत, सुपौल के भीमनगर चेकपोस्ट पर कार्रवाई

**न्यूज स्केल, सुपौल**

**नेपाल से लौटते समय ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब पीने की पुष्टि, मद्य निषेध विभाग ने पांच शिक्षकों को किया गिरफ्तार**

सुपौल। जिले के भीमनगर चेकपोस्ट पर मद्य निषेध विभाग की टीम ने जांच के दौरान नेपाल से लौट रहे पांच शिक्षकों को शराब के नशे में हिरासत ले लिया। बताया जा रहा है कि मद्य निषेध विभाग की टीम चेकपोस्ट के समीप नियमित जांच अभियान चला रही थी।
इसी दौरान नेपाल से लौट रहे पांच लोगों को जांच के लिए रोका गया। जब उनका ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया तो शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद मद्य निषेध विभाग की टीम ने सभी को




हिरासत कर लिया।
मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग मधेपुरा जिले के एक सरकारी विद्यालय में शिक्षक हैं। बताया जा रहा है कि ये शिक्षक मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत छात्रों को लेकर नेपाल गए थे और वहीं से लौटते समय उन्होंने शराब का सेवन किया था।
मद्य निषेध विभाग के इंस्पेक्टर संजय प्रियदर्शी ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और इसके तहत शराब का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है। सभी आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में भी हलचल मच गई है। स्थानीय लोगों ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि जिन शिक्षकों के हाथ में बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी है, वही अगर कानून का उल्लंघन करेंगे तो यह चिंताजनक है।

# टुट्टी पंचायत में चोरों का आतंक, दो घरों से चार पशु चोरी

**न्यूज स्केल, बलुआ बाजार।**

भीमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टुट्टी पंचायत के वार्ड नंबर 2 में गुरुवार की देर रात चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए पशु चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात अज्ञात चोरों ने गांव के दो अलग -अलग परिवारों के घरों में घुसकर वहां बंधे पशुओं की चोरी कर ली । चोरी की इस घटना में सहदेव राय के दो दुधारू गाय व मनोज ठाकुर के दो गाय की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है । बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के दो-दो पशु यानी कुल चार पशुओं की चोरी कर ली गई। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो पशुओं को



गोहल से गायब देख वे हैरान रह गए। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई और काफी खोजबीन की गई, लेकिन पशुओं का कोई पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी भीमपुर थाना को भी दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की इस घटना की जल्द जांच कर चोरों को पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी लेकर जांच में जुट गई है, जबकि ग्रामीण अपने स्तर पर भी चोरी हुए पशुओं की तलाश कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो इससे पूर्व भी पंचायत में कई चोरी की घटनाएं घठित हो चुकी है लेकिन भीमपुर पुलिस अबतक चोरी की किसी भी मामले का उदभेदन नहीं कर सकी है । पीड़ित पशुपालक ने बताया कि उन्होंने चोरी की घटना को लेकर भीमपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया है। इस बाबत भीमपुर पुलिस ने बताया कि चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है । पुलिस जांच के बाद आगे की कारवाई में जुटी है।

# शादी का झांसा देकर युवती का अपहरण, दस लोगों पर मामला दर्ज

**न्यूज स्केल, बलुआ बाजार।**

बलुआ थाना क्षेत्र के कुशहर एराजी गांव से चार दिन पूर्व एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक युवक ने युवती कोअपने साथ ले गया और उसके बाद से वह लापता है। घटना के बाद से अपहता के परिजन काफी चिंतित हैं और लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कुशहर एराजी गांव की रहने वाली युवती को आरोपी युवक ने शादी का झांसा दिलाया और बहला-फुसलाकर अपने साथ ले कर फरार हो गया । काफी समय बीत जाने के बाद जब युवती घर नहीं लौटी तो परिजनों को संदेह हुआ। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया।इसके बाद अपहृता युवती के परिजनों ने बलुआ थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देते हुए दीपक चोरशिया सहित 10 लोगो के विरुद्ध केश दर्ज कराया है। उधर आवेदन के आधार पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर अग्रेतर कारवाई में जुटी हुई है। हलाकि घटना के चार दिन बीतने के बाद भी सभी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर बताया जा रहा है । वहीं अपहृता की बरामदगी भी नहीं हो पाई है।
मामले को गंभीरता से लेते हुए बलुआ थाना अध्यक्ष सुमित कुमार ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है और जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा। घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार बताया जा रहा है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# रामनवमी 2026 : महावीर मंदिर में 1200 मीटर लंबी लाइन, पटना में 52 शोभायात्राएं

**न्यूज स्केल पटना**

बिहार में रामनवमी का पर्व इस वर्ष पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी पटना स्थित महावीर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर का पट खुलते ही भक्तों की लंबी कतार लग गई, जो करीब 1200 मीटर तक पहुंच गई। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन कर चुके हैं। मंदिर परिसर में जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है।



**सरकार और नेताओं का संदेश** इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। साथ ही विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर्व को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

**विशेष नैवेद्यम और भव्य तैयारियां:** महावीर मंदिर न्यास द्वारा इस बार विशेष स्तर पर तैयारियां की गई हैं। लगभग 6840 किलो शुद्ध घी से नैवेद्यम तैयार किया जा रहा है, जबकि कुल 24 हजार किलो प्रसाद बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए तिरुपति से 80 कुशल कारीगर बुलाए गए हैं, जो लगातार प्रसाद निर्माण में लगे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, शेड, शौचालय और मेडिकल टीम की व्यापक व्यवस्था की गई है। अयोध्या से पुजारियों को भी पूजा-अर्चना के लिए आमंत्रित किया गया है।

**52 भव्य शोभायात्राएं, सांस्कृतिक संगम:** पटना में इस बार कुल 52 भव्य शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। ये यात्राएं पटना साहिब, भद्रघाट, मालसलामी, मारूफगंज, बोरिंग रोड, बेली रोड और कंकड़बाग समेत कई प्रमुख इलाकों से गुजरेंगी। शोभायात्राओं में आकर्षक झांकियां, बैंड और विभिन्न राज्यों के कलाकार शामिल हो रहे हैं। इस अवसर को और खास बनाने के लिए अभिनेता-सांसद अरुण गोविल और मनोज तिवारी भी भाग ले रहे हैं, जिससे आयोजन का आकर्षण और बढ़ गया है।

**ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है और वैकल्पिक रास्ते निर्धारित किए गए हैं। मंदिर में प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए गए हैं, जिससे भीड़ नियंत्रण में रहे और दर्शन व्यवस्था सुचारू बनी रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# गैस किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा,मोतिहारी बाईपास चौक किया जाम

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर में गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा शुक्रवार को सड़क पर फूट पड़ा। शहर के छतौनी बाइपास चौक पर गैस नही मिलने से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।बताया जाता है कि कई दिनों से गैस सिलेंडर की बुकिंग के बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर डिलीवरी नहीं मिल रही है। इससे नाराज लोगों ने बाईपास चौक पर जमा होकर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना था



कि एक ओर उन्हें गैस नहीं मिल रही, वहीं दूसरी ओर मोबाइल पर डिलीवरी के अगली बुकिंग के मैसेज लगातार आ रहे हैं, जिससे स्थिति और भ्रमित हो रही है। जाम की सूचना मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया, लेकिन उपभोक्ताओं में नाराजगी बनी हुई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वर्ण प्रभात ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में गश्ती पदाधिकारी और यातायात सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही सड़क जाम करने वाले लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश भी दिया है।

एसपी ने कहा कि गैस वितरण में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी वेंडर की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर संबंधित विभाग को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। वही प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं ने मांग की है कि गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए और समय पर सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही फर्जी मैसेज की समस्या को दूर किया जाय। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही परिस्थितियों के बीच स्थानीय स्तर पर गैस आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है,लिहाजा इसका असर विरोध प्रदर्शन के रूप में सामने आने लगा है।

# जिले में एलपीजी सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक, प्रशासन सख्त

**न्यूज स्केल बेतिया**

अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में किसी प्रकार की किल्लत नहीं है और उपभोक्ताओं तक सिलेंडर सुचारु रूप से पहुंचाए जा रहे हैं। प्रशासन के निरंतर प्रयासों से बैकलॉग में भी कमी आ रही है, जिससे वितरण प्रणाली पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हुई है।

**23,393 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध:**जिले में एलपीजी सिलेंडरों की



उपलब्धता को लेकर स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। वर्तमान में कुल 23,393 एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, बीते दिन 10,916 सिलेंडरों की सफलतापूर्वक डिलीवरी की गई, जो आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती और बेहतर प्रबंधन को दर्शाता है। प्रशासन का दावा है कि मांग के अनुरूप आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जा रही है।

**कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर सख्ती:**प्रशासन ने एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और आपूर्ति में अनियमितताओं को लेकर सख्त रुख अपनाया है। तीनों अनुमंडलों में लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है और संबंधित मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य पारदर्शी और निष्पक्ष वितरण व्यवस्था बनाए रखना है।

**शिकायतों के त्वरित निष्पादन के निर्देश:** उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर भी प्रशासन गंभीर है। प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित एसडीएम के पास भेजकर शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए हैं। आज कुल 62 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या पैनिक से बचें और भरोसा रखें कि आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सतर्क और नियंत्रित है।

# गैस सिलेंडर के विरुद्ध एसडीएम बगहा ने प्राथमिकी दर्ज करायी



**पश्चिम चम्पारण,** (हि.स.)। बगहा के रूबी गैस ऐजेंसी की गैस कालाबाजारी करने के आरोप में बगहा अनुमंडल पदाधिकारी चांदनी कुमारी ने पटखौली थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। उक्त आशय की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी बगहा ने देते हुए बताया हैं कि 26 मार्च को औचक निरीक्षण के क्रम में बगहा- सेमरा रोड में शुगर फैक्ट्री के पास रूबी गैस एजेंसी के द्वारा गैस की कालाबाजारी करते हुए गाड़ी पकड़ी गई ,जिसमें वेंडर ने बिना ऑनलाइन नंबर वाले को गैस दिया था,इतना ही नहीं बिना उपभोक्ता पंजी में नाम दर्ज कर के गैस सिलेंडर दिया और पंजी में एक ही नाम को दो बार दर्ज कर गैस सिलेंडर वितरण कर रहा था,जिसके लिए स्थानीय थाना पटखौली में रूबी गैस एजेंसी के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# सीवान में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर

**सीवान,** (हि.स.)। रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर पूरा शहर राममय नजर आया। गाजे-बाजे के साथ भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। तेज धूप और गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। "जय श्रीराम" और "हर हर महादेव" के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के नेतृत्व में निकली इस शोभायात्रा में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिलाएं



पारंपरिक गीत और भजन गाते हुए जुलूस के साथ चल रही थीं। शोभायात्रा में शामिल झांकियां, बैंड-बाजा और हनुमान स्वरूप धारण किए श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र बने रहे। कई स्थानों पर महिलाओं ने आरती उतारकर और पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।

**भगवा रंग में रंगा पूरा शहर** श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर पूरा शहर भगवा रंग में सराबोर दिखा। मंदिरों और मुख्य सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह-जगह तोरण द्वार बनाये गये थे। जुलूस जिस मार्ग से गुजर रहा था, वहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

**जुलूस में शामिल हुए मंत्री व जनप्रतिनिधि:** शोभायात्रा में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडे भी शामिल हुए। सभी ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए और शोभायात्रा में सहभागिता निभाई।

**प्रशासन रहा अलर्ट, ड्रोन से निगरानी:** शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। डीएम, एसपी समेत सभी वरीय अधिकारी लगातार जुलूस की निगरानी करते रहे। ड्रोन कैमरों के माध्यम से पूरे जुलूस पर नजर रखी गयी और हर गतिविधि की वीडियोग्राफी करायी गयी। शहर के प्रमुख स्थानों पर मजिस्ट्रेट, दंडाधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी, वहीं करीब 100 सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही थी।

**स्वागत में उमड़ा जनसैलाब** शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह फल, मिठाई, शर्बत और पानी की व्यवस्था की गयी थी। लोगों ने फूलों की वर्षा कर भगवान श्रीराम का अभिनंदन किया।

**सोशल मीडिया पर भी छाई रही झलक:** शोभायात्रा की आकर्षक झांकियों और पलों को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी रही। युवक-युवतियां सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा करते नजर आए।

**महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा:** इधर, चैत्र नवरात्र के नौवें दिन महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गयी। शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की। गांधी मैदान स्थित बुढ़िया माई मंदिर, कचहरी रोड दुर्गा मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में पूरे दिन पूजा-पाठ का माहौल बना रहा।

**गांधी मैदान से निकली शोभायात्रा:** हर वर्ष की तरह इस बार भी गांधी मैदान से शोभायात्रा की शुरुआत हुई। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन से ही यहां पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो जाता है, जो नौ दिनों तक चलता है। रामनवमी के दिन पूजा के समापन के बाद भगवान श्रीराम की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गयी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः गांधी मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

# इंद्रपुरी के 190 एकड़ भूमि को विकसित करेगा डीआरडीओ

**डेहरी आन सोन,** (हि.स.)। बिहार के रोहतास जिले में रक्षा के क्षेत्र में विकास की संभावना को देखते हुए डीआरडीओ अधिकारियों के साथ राज्य के मुख्य सचिव अमृत प्रत्यय ने आज इंद्रपुरी बराज व सोन बराज के पश्चिम छोर पर सिंचाई विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई 190 एकड़ भूमि का मुआयना किया।इस दौरान अधिकारियों ने विभागीय तथा जिला प्रशासन अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं को गति देने पर मंथन किया। टीम में मुख्य सचिव के अलावा राज्य सिंचाई विभाग के प्रधान सचिव संतोष



कुमार मल्ल, डीआरडीओ के वैज्ञानिक शरद चन्द्रमान यादव एवं बीके सिंह भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित स्थल की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध आधारभूत संरचना, जल संसाधनों की स्थिति एवं भूमि की उपयोगिता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से स्थल की वर्तमान स्थिति, संभावित विकास योजनाओं तथा भविष्य में इसके उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग की उपलब्ध 190 एकड़ जमीन की डीआरडीओ के लिए उपयोगिता बिंदु पर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विचार किया गया।

बैठक में डीएम उदिता सिंह,एसपी रौशन कुमार के अलावा डीएफओ, बसैप के कमांडेंट,लिपि सिंह,मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग डेहरी अजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बता दे कि विधानसभा चुनाव के दौरान सासाराम पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रोहतास जिले में आयुध कारखाना स्थापित करने की घोषणा की थी। केंद्रीय मंत्री के घोषणा के बाद बिहार सरकार व जिला प्रशासन ने उपयुक्त भूमि चिन्हित कर केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया था।

अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो बहुत जल्द ही रोहतास जिला आयुध के क्षेत्र में एक कोररिडोर में जाना जाएगा। साथ ही इससे बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

# सीवान में आपसी रंजिश में गोलीबारी दो व्यक्ति जख्मी, एक हथियार सहित गिरफ्तार

**सीवान,** (हि.स.)।सीवान जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी दरगाह के पास गुरुवार की शाम करीब 7 बजे आपसी रंजिश को लेकर हुई गोलीबारी में दो व्यक्ति जख्मी हो गए।गंभीर रूप से जख्मी बड़हरिया थाने के लकड़ी दरगाह निवासी वीरेंद्र प्रसाद के पुत्र रोहित कुमार एवं लकड़ी दरगाह निवासी शोहराब अली का पुत्र अशरफ अली को सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को



गिरफ्तार कर लिया है. एसपी ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 7 बजे लकड़ी दरगाह के पास दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई. इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी, जिससे दो लोग घायल हो गए.घटना की सूचना मिलते ही बड़हरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां उनकी स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है. उन्होंने बताया कि मौके से एक आरोपी बड़हरिया थाने के लकड़ी दरगाह निवासी अहमद हसन के पुत्र मो. निजाम को गिरफ्तार किया गया.पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी पिस्टल और एक खोखा बरामद किया है. एसपी ने बताया कि मामले में बड़हरिया थाना में कांड दर्ज कर आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है.पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है.

# ‘जग वसंत’ जहाज एलपीजी लेकर सुरक्षित पहुंचा गुजरात के कांडला पोर्ट




**कच्छ,** (हि.स.)। मध्य-पूर्व में चल रहे तनाव और ‘स्ट्रेट ऑफ होर्मुज’ के समुद्री मार्ग पर बढ़े खतरों के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।भारत का ‘जग वसंत’ जहाज एलपीजी लेकर शुक्रवार को सुरक्षित गुजरात के कंडला पोर्ट पहुंच गया।

वैश्विक स्तर पर ईंधन सप्लाई प्रभावित होने की आशंका के बीच ‘जग वसंत’ नाम का विशाल एलपीजी कार्गो जहाज आज सुरक्षित रूप से गुजरात के कंडला बंदरगाह पर पहुंचा। इस ‘जग वसंत’ जहाज में लगभग 42,000 से 46,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर भारत आया है। होर्मुज की खाड़ी में बढ़े सैन्य तनाव के बीच इस जहाज का सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंचना केवल तकनीकी ही नहीं बल्कि भारत की रणनीतिक रूप से भी बड़ी सफलता मानी जा रही है।

जैसे ही यह जहाज कांडला बंदरगाह पर पहुंचा, तो उससे गैस उतारने की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली गई। अधिकारियों के अनुसार, समुद्र में ही छोटे जहाजों में एलपीजी ट्रांसफर करने का काम तेजी से शुरू किया जाएगा, ताकि गैस को विभिन्न बॉटलिंग प्लांट्स तक जल्द से जल्द पहुंचाया जा सके।

पिछले कुछ समय से एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर लोगों में चिंता और अफवाहें फैल रही थीं। ऐसे समय में इतना बड़ा स्टॉक देश में पहुंचने से बाजार में स्थिरता आएगी और लोगों का भरोसा बढ़ेगा। सरकार की ओर से भी बार-बार आश्वासन दिया जा रहा है कि देश में पर्याप्त ईंधन स्टॉक उपलब्ध है।

# डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली को कार्यशील बनाने की जरूरत : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

**1 वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सुधारों को पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित प्रक्रिया से लागू करने पर जोर दिया।**

--------------





भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से अपील की है कि सुधारों को पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित प्रक्रिया के तहत लागू किया जाए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने याउंडे में आयोजित 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कहा कि संगठन के मूल सिद्धांतों—समानता, गैर-भेदभाव और आम सहमति—को बनाए रखना आवश्यक है।

**विवाद निपटान प्रणाली को सक्रिय करने की जरूरत**

भारत ने डब्ल्यूटीओ की निष्क्रिय विवाद निपटान प्रणाली को फिर से सक्रिय करने पर जोर दिया। गोयल ने कहा कि वर्तमान में स्वचालित और बाध्यकारी व्यवस्था बाधित है, जिससे सदस्य देशों को प्रभावी समाधान नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने अपीलीय निकाय को पुनः कार्यशील बनाने की आवश्यकता बताई।

**ई-कॉमर्स शुल्क स्थगन पर पुनर्विचार का सुझाव:** भारत ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क रोक को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर भी सावधानीपूर्वक पुनर्विचार की बात कही। मंत्री ने कहा कि आम सहमति के अभाव और राजस्व पर संभावित प्रभाव को देखते हुए इस नीति के दायरे और निरंतर विस्तार पर विचार जरूरी है।

**कृषि, मत्स्य और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा:** गोयल ने कृषि क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक भंडारण और कपास से जुड़े लंबित मुद्दों को प्राथमिकता से हल करने की बात कही। साथ ही, उन्होंने मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते पर संतुलित समाधान की वकालत की। सम्मेलन के दौरान उन्होंने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से द्विपक्षीय वार्ताएं कर व्यापार सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।



पश्चिम एशिया में तनाव और युद्ध विराम को लेकर बनी अनिश्चितता का असर वैश्विक बाजारों पर साफ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र में भारी गिरावट के साथ बंद हुए, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डेक में क्रमशः 1.74% और 2.38% की कमजोरी दर्ज की गई। हालांकि, बाद में डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में सुधार देखा गया और इसमें मजबूती के साथ कारोबार हुआ। यूरोपीय बाजारों में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिससे प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला रुख देखने को मिला, जहां कुछ सूचकांक बढ़त में रहे तो कई लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी, निक्केई, कोस्पी और जकार्ता कंपोजिट जैसे इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई, जबकि हैंग सेंग, शंघाई और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स में हल्की तेजी रही। कुल मिलाकर वैश्विक बाजारों में अस्थिरता और सतर्कता का माहौल बना हुआ है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट




**नई दिल्ली,** (हि.स.) घरेलू सर्राफा बाजार में एक दिन की तेजी के बाद आज फिर गिरावट का रुख देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सोने की कीमतों में 1,970 रुपये से लेकर 2,140 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमी दर्ज की गई। वहीं चांदी के भाव में भी 200 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट देखने को मिली। कीमतों में आई इस कमजोरी के चलते बाजार में निवेशकों और खरीदारों की गतिविधियों पर असर पड़ा है।

**सोने के भाव में गिरावट** देशभर के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,540 रुपये से 1,44,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 1,32,490 रुपये से 1,32,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच सोने की मांग पर भी आंशिक प्रभाव देखा जा रहा है।

**प्रमुख शहरों में सोने की कीमतें** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,44,690 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,32,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,540 रुपये और 22 कैरेट 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा। अहमदाबाद, भोपाल और पटना में भी कीमतें लगभग इसी दायरे में बनी हुई हैं, जहां 24 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है।

**चांदी के दाम में हल्की कमजोरी:** चांदी के भाव में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी चांदी के दाम में स्थिरता के साथ हल्की नरमी का रुख देखने को मिल रहा है।

# ई-रिक्शा और लॉजिस्टिक्स ईवी का बड़ा केंद्र बन रहा है उत्तर प्रदेश



**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेक्टर अब शुरुआती तेज़ वृद्धि के चरण से निकलकर स्थिर और टिकाऊ विकास की दिशा में बढ़ रहा है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले समय में वही कंपनियां बाजार में टिक पाएंगी जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी, सप्लाई चेन सुचारू होगी और तकनीकी क्षमता बेहतर होगी। उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में तेजी से ई-रिक्शा और लॉजिस्टिक्स ईवी का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है, जहां इन वाहनों की मांग लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2025 में देश में लगभग 11–12 लाख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और 6 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर की बिक्री दर्ज की गई, जो इस सेक्टर की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाती है। आयुष लोहिया, जो जुपेरिया ऑटो के सीईओ हैं, के अनुसार बाजार में मौजूदा असमानता आने वाले समय में एकीकरण को तेज करेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत पूंजी और सप्लाई चेन वाली कंपनियां ही टिक पाएंगी, जबकि कई स्टार्टअप्स को विलय या बाजार से बाहर होने की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि बैटरी और अन्य पुर्जों की आपूर्ति फिलहाल बड़ी चुनौती बनी हुई है। बढ़ती लागत और सप्लाई बाधाओं के कारण नई कंपनियों के मुनाफे पर दबाव है, लेकिन यह प्रक्रिया उद्योग को दीर्घकाल में मजबूत बनाएगी। आने वाले वर्षों में शहरीकरण, ई-कॉमर्स और डिलीवरी सेवाओं के विस्तार से ईवी की मांग और बढ़ने की संभावना है।

# राशिफल : 28 मार्च, 2026

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढग़ की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

# पंचांग : 28 मार्च, 2026

28 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र कर्क में
मंगल कुंभ में
बुध कुंभ में
गुरु मिथुन में
शुक् मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 06.52 बजे से
वृष 08.32 बजे से
मिथुन 10.30 बजे से
कर्क 12.43 बजे सेसिंह 14.59 बजे से
कन्या 17.11 बजे से
तुला 19.22 बजे से
वृश्चिक 21.37 ब.से
धनु 23.53 बजे से
मकर 01.58 बजे से
कुंभ 03.44 बजे से
मीन 05.17 बजे से
शनिवार 2026 वर्ष का 87 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु बसंत।

विक्रम संवत् 2083
शक संवत् 1948
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि दशमी 08.46 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुष्य 14.50 बजे को समाप्त।
योग सुकर्मा 20.06 बजे को समाप्त।
करण गर 08.46 बजे तदनन्तर वणिज 20.14 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 8.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 020 54
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872662
जूलियन दिन 2461127.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552

हिजरी सन् 1447

महीना सव्वाल

तारीख 08



# जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का मनाया जन्मोत्सव, सूर्य की किरण ने किया मस्तकाभिषेक

**अयोध्या,** (हि.स.)। पूरे भारत सहित उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भी रामनवमी का पर्व बड़े उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।शुक्रवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर ठीक दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का प्रतीकात्मक जन्म मनायागया। श्रीराम के जन्म होने के बाद आरती उतारी गई। सूर्य की किरण ने श्रीरामलला का मस्तकाभिषेक किया और उसके बाद प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया। श्रीजन्मभूमि मंदिर में श्रीराम का जन्म होते ही पूरी अयोध्या में जमकर पटाखे छूटे। राम जन्मोत्सव पर पूरी अयोध्या में अभूतपूर्व उत्साह दिखा है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में शामिल होने के अयोध्या पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। मंदिर के मुख्य मार्ग पर संतों ने श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए।

# ममता बनर्जी पर भड़काऊबयान का आरोप, अमित मालवीय ने चुनाव आयोग से की हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता** (हि.स.)।

**01: मालवीय के अनुसार, ऐसे बयान पहले भी उत्तर बंगाल में दिए गए थे।**

---------------

**02 : ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की ओर से इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।**

---------------

भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर लगातार उकसावे के जरिए हिंसा भड़काने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हालिया



बयानों और रैलियों में दिए गए संदेशों से राज्य का माहौल प्रभावित हो रहा है।

**बासंती हिंसा का जिक्र:** भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि बासंती में हुई हिंसा इन्हीं कथित उकसावों का परिणाम है। उनका कहना है कि वहां तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों ने चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया। साथ ही उन्होंने राज्य पुलिस पर निष्क्रिय रहने का आरोप भी लगाया।

**चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग:** मालवीय ने चुनाव आयोग से अपील की है कि वह इस मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए। दूसरी ओर, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की ओर से इस पूरे मामले पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**सोशल मीडिया पर किया गया दावा:** अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि पांडवेश्वर में एक रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से “घर में जो भी है, उसे हथियार बनाकर” विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले उत्तर बंगाल में भी इसी तरह के संकेत दिए गए थे।

# जल जीवन मिशन 2.0 के तहत हर ग्रामीण परिवार को पेयजल के लिए मेघालय का केंद्र से समझौता

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मेघालय ने केंद्र सरकार के साथ जल जीवन मिशन 2.0 के तहत सुधार-आधारित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के माध्यम से राज्य में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को परिणामोन्मुख और सेवा-आधारित ढांचे में लागू किया जाएगा। यह समझौता करने वाला मेघालय देश का 12वां राज्य बन गया है।

**उद्देश्य और कार्यान्वयन:** इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को पर्याप्त मात्रा और निर्धारित गुणवत्ता का पेयजल नियमित रूप से



उपलब्ध कराना है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार यह समझौता केवल पाइपलाइन बिछाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सतत और प्रभावी जल सेवाओं को प्राथमिकता देता है। इसके तहत ग्राम पंचायतों और ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**अधिकारियों की उपस्थिति और बयान:** एमओयू पर हस्ताक्षर जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राज्यमंत्री वी. सोम्माना और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की उपस्थिति में किए गए। जल शक्ति मंत्रालय के सचिव अशोक केके मीणा ने कहा कि इससे ग्रामीण स्तर पर जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन और प्रबंधन में सुधार होगा।

**प्रगति और भविष्य की योजना** जल शक्ति मंत्री ने बताया

**01: जल शक्ति मंत्रालय ने इसे केवल पाइपलाइन नहीं, बल्कि सतत सेवा-आधारित व्यवस्था बताया है।**

---------------------

**02 : मेघालय ने अब तक लगभग 83 प्रतिशत ग्रामीण नल जल कवरेज हासिल कर लिया है**

कि मेघालय ने अब तक 83 प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया है। मिशन की समयसीमा दिसंबर 2028 तक बढ़ाई गई है और इसके लिए 1.51 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री संगमा ने भी राज्य की प्रगति और प्रतिबद्धता को दोहराया।

## फिल्म अभिनेता मोहनलाल के व्यक्तित्व से जुड़े अधिकारों की रक्षा का हाई कोर्ट ने दिया आदेश

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मलयालम फिल्म अभिनेता मोहनलाल के व्यक्तित्व से जुड़े अधिकारों की रक्षा का आदेश दिया है। जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने ये आदेश जारी किया।

कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म को निर्देश दिया कि वो उन लोगों का विस्तृत विवरण दो हफ्ते में कोर्ट को उपलब्ध कराएं जिन्होंने मोहनलाल के व्यक्तित्व से जुड़े कंटेंट बिना अनुमति के अपलोड किए हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रतिवादी बनाए गए ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से पूछा कि उन्होंने मोहनलाल के फोटो और नाम वाली वस्तुओं को बिना मोहनलाल की सहमति के अपलोड करने की अनुमति कैसे दी। तब ई-कॉमर्स प्लेटफार्म ने कहा कि उसने बिना सहमति के अपलोड करने वाली वस्तुओं को हटा दिया है।

मोहनलाल उन कई नामी हस्तियों में से एक हैं जिन्होंने व्यक्तित्व के अधिकारों की रक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा




खटखटाया है।

इसके पहले उच्च न्यायालय भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच और पूर्व सांसद गौतम गंभीर, पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण, बाबा रामदेव, फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा, फिल्म अभिनेत्री काजोल, फिल्म अभिनेता विवेक ओबेरॉय, फिल्म अभिनेता व आंध्रप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर, फिल्म अभिनेता सलमान खान, अभिनेता अजय देवगन, फिल्म अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन, पत्रकार सुधीर चौधरी, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर, तेलुगु अभिनेता नागार्जुन, फिल्म अभिनेत्री ऐश्वर्या राय, फिल्म अभिनेता अभिषेक बच्चन और फिल्म प्रोड्यूसर करण जौहर के व्यक्तित्व से जुड़ी किसी बात का बिना अनुमति इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया था।

# झारखंड के गढ़वा में महाष्टमी के जुलूस पर पथराव, 19 गिरफ्तार, थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**गढ़वा,** (हि.स.)। झारखंड के गढ़वा जिले के रमकांडा थाना क्षेत्र में महाष्टमी को गुरुवार देररात निकाले गए जुलूस पर हुए पथराव के बाद स्थिति तनावपूर्ण है। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और अनेक नागरिक घायल हुए हैं। पुलिस ने 12 से अधिक मोटरसाइकिल जब्त की है। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।



पलामू डीआईजी कौशल किशोर और गढ़वा एसपी अमन कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

एक समुदाय का आरोप है कि जुलूस को विशेष समुदाय के लोगों ने कौआखोह शिव चबूतरा के पास आगे जाने से रोक दिया। डीआईजी ने बताया कि रामनवमी की पूर्व संध्या पर पुलिस सुरक्षा में झांकी निकाली गई। इस दौरान जुलूस पर पथराव किया गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल का प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।गढ़वा एसपी अमन कुमार ने बताया कि जुलूस को लेकर दो समुदाय में विवाद हुआ था। जुलूस को लेकर बुधवार को भी थोड़ा विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों समुदायों में जुलूस निकालने पर सहमति बनी। मगर कुछ लोगों के अचानक जुलूस को रोकने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटनास्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।पुलिस ने इस संबंध में 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 13 लोग मुस्लिम पक्ष और 6 लोग हिंदू पक्ष के बताए जा रहे हैं। साथ ही 18 मोटरसाइकिलों और 9 मोबाइल फोन को जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया है। अन्य संदिग्धों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# पश्चिम बंगाल : चुनाव आयोग ने बासंती हिंसा पर डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता** , (हि.स.)। बासंती में चुनावी प्रचार के दौरान पुलिस टीम पर लाठी-डंडों और बांस से हमला किया गया। इस घटना में सब-इंस्पेक्टर सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पांच अन्य कांस्टेबल भी जख्मी हुए। हमले के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।

**गिरफ्तारी और सुरक्षा कड़ी** घटना के बाद अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात बिगड़ने पर



कैनिंग, बासंती और गोसाबा कोस्टल थानों से अतिरिक्त बल तैनात किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

**चुनाव आयोग की सख्ती और रिपोर्ट तलब:** भारत निर्वाचन आयोग ने घटना को गंभीर मानते हुए राज्य के डीजीपी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने केंद्रीय बलों की तैनाती में देरी, इंटेलिजेंस इनपुट की चूक और पर्याप्त बल न लगाने जैसे मुद्दों पर सवाल उठाए हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए हैं।

# ग्वालियर में सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत, चार घायल

**ग्वालियर,** (हि.स.)। ग्वालियर के थाटीपुर क्षेत्र स्थित परशुराम चौराहे के पास तड़के करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ऑटो रिक्शा के बीच भीषण टक्कर हो गई। ऑटो में शीतला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे नौ लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**पांच की मौत, चार घायल**

इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई,



जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनका इलाज ग्वालियर के अस्पताल में जारी है। मृतकों में एक ही परिवार के कई सदस्य शामिल हैं, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया है।

**पुलिस कार्रवाई और चालक गिरफ्तार:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो चालक नशे में था और पुलिस से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। उसने पहले एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी और फिर ऑटो को भी रौंद दिया। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

# ईरान-अमेरिका के बीच मंत्री-स्तरीय वार्ता अगले सप्ताह : मिस्र के विदेश मंत्री

**बेरूत, (हि.स.)**
पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और लगातार बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने संकेत दिया है कि ईरान और अमेरिका के बीच अगले सप्ताह की शुरुआत में मंत्री-स्तरीय बैठक आयोजित होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मिस्र दोनों देशों के बीच संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है और कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से तनाव कम करने तथा बातचीत की संभावनाएं तलाशने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह पहल क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा मानी जा रही है।
अंतरराष्ट्रीय मीडिया एबीसी न्यूज के अनुसार, बेरूत में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अब्देलती ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए कुछ "साझा बिंदु" सामने आए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण तनाव कम करने की साझा इच्छा है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने को लेकर सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं, जो भविष्य में औपचारिक वार्ता की दिशा में आधार तैयार कर सकते हैं।
उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मिस्र इस प्रक्रिया में केवल एक तटस्थ पर्यवेक्षक नहीं, बल्कि सक्रिय मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। मिस्र सरकार पाकिस्तान और तुर्की जैसे क्षेत्रीय साझेदारों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है, ताकि विभिन्न पक्षों के बीच संवाद को सुचारू और प्रभावी बनाया जा सके। अब्देलती के अनुसार, मिस्र न केवल ईरान और अमेरिका के बीच संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है, बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास भी कर रहा है कि दोनों पक्ष बातचीत के लिए एक साझा मंच पर सहमत हों।
मिस्र के विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए कूटनीति और संवाद ही सबसे प्रभावी उपाय हैं। उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने और तनाव को बढ़ाने के बजाय समाधान की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। उनके अनुसार, यदि संवाद के रास्ते खुले रहते हैं, तो कई विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव है।
विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ईरान और अमेरिका के बीच प्रस्तावित मंत्री-स्तरीय बैठक सफल होती है, तो यह पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करने और क्षेत्रीय शांति स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। फिलहाल, मिस्र सहित कई क्षेत्रीय देश इस कूटनीतिक प्रयास को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में इस दिशा में ठोस प्रगति देखने को मिल सकती है।



# नेपाल में नई सरकार के गठन के साथ ही पुराने कानूनों को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू

**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल में बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के साथ ही पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त करने की दिशा में तेज कदम उठाए गए हैं। नवनियुक्त वित्त मंत्री डा. स्वर्णिम वाग्ले ने पदभार ग्रहण करते ही आर्थिक प्रशासन में व्यापक सुधारों की शुरुआत करते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि सरकार का फोकस प्रणालीगत बदलाव और पारदर्शिता बढ़ाने पर रहेगा।
राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के समक्ष शपथ लेने के तुरंत बाद मंत्रालय पहुंचकर उन्होंने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए।
वाग्ले ने दशकों पुराने और वर्तमान समय के अनुरूप न रहने वाले करीब डेढ़ दर्जन कानूनों को रद्द या संशोधित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। उनके कार्यकाल का पहला बड़ा और चर्चित कदम राजस्व अनुसंधान विभाग को समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू करना



रहा। यह निर्णय उच्चस्तरीय आर्थिक सुधार सुझाव आयोग की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। इस विभाग पर लंबे समय से शक्ति केंद्रों के प्रभाव और निजी क्षेत्र को प्रभावित करने के आरोप लगते रहे हैं। सरकार का मानना है कि इसके स्थान पर एक अधिक पारदर्शी, स्वायत्त और जवाबदेह तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे राजस्व प्रबंधन और कर अनुपालन को बेहतर बनाया जा सके।
वित्त मंत्री ने वि.सं. 1956 से 1974 के बीच बनाए गए 15 पुराने कानूनों को भी समाप्त या संशोधित करने की घोषणा की है। उनका तर्क है कि ये कानून मौजूदा डिजिटल, उदार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा वाली अर्थव्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं और अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न करते हैं। प्रस्तावित सूची में कालाबाजारी तथा कुछ सामाजिक अपराध अधिनियम, निकासी-आयात (नियंत्रण) अधिनियम, सामाजिक व्यवहार सुधार अधिनियम और विदेश में निवेश पर प्रतिबंध लगाने वाला अधिनियम शामिल हैं। इसके अलावा बिर्ता उन्मूलन अधिनियम, नेपाल एजेंसी अधिनियम और निजी वन राष्ट्रीयकरण अधिनियम जैसे पुराने कानून भी इस प्रक्रिया में शामिल हैं। हालांकि ये कानून तत्काल प्रभाव से समाप्त नहीं होंगे, बल्कि मंत्रिपरिषद की मंजूरी और राष्ट्रपति के प्रमाणीकरण के बाद ही इन्हें औपचारिक रूप से हटाया जाएगा।
वाग्ले ने पदभार ग्रहण करते समय यह भी कहा कि आर्थिक समस्याओं का समाधान खंड-खंड में नहीं, बल्कि समग्र दृष्टिकोण से किया जाएगा। उन्होंने अनावश्यक अधिकारों को समाप्त कर संस्थागत सुधार पर जोर देने की बात कही। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि अगले पांच दिनों में देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की जाएगी। इसके अलावा 100 दिन, अर्धवार्षिक और वार्षिक कार्ययोजनाएं तैयार कर चुनावी घोषणापत्र को लागू करने की दिशा में काम किया जाएगा।

## उत्तर कोरिया-बेलारूस ने रूस का समर्थन किया, किम-लुकाशेंको ने संधि पर हस्ताक्षर



**प्योंगयांग (उत्तर कोरिया) (हि.स.)**
उत्तर कोरिया और बेलारूस ने यूक्रेन युद्ध में रूस का समर्थन करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने गुरुवार को शिखर वार्ता के दौरान दोस्ती और सहयोग पर एक संधि पर हस्ताक्षर किए। यह जानकारी उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने दी।
कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, लुकाशेंको ने किम के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा की। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने संबंधों को "विकास के नए चरण" में बताया और अंतरराष्ट्रीय मंच पर संप्रभु अधिकारों की रक्षा को लेकर एकजुटता जताई।
दोनों देशों ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के रुख का समर्थन किया और सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। बातचीत में कूटनीति, कृषि, सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। इसके अलावा कई समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए। बैठक के बाद नेताओं ने फोटो खिंचवाए और उपहारों का आदान-प्रदान किया।
दौरे के अंत में लुकाशेंको प्योंगयांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुए, जहां किम उन्हें विदा करने पहुंचे।

## कुवैत का शुवैख बंदरगाह ईरानी ड्रोन हमले में क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नहीं




**कुवैत सिटी, (हि.स.)**
पश्चिम एशिया में पिछले 28 दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बीच शुक्रवार को ईरान ने कुवैत के प्रमुख व्यावसायिक बंदरगाह शुवैख पर ड्रोन से हमला किया। इस हमले में बंदरगाह की कुछ सुविधाओं और ढांचे को नुकसान पहुंचा है, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।
यह जानकारी कुवैत पोर्ट्स अथॉरिटी द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ और तुर्किए की संवाद समिति अनाडोलू के अनुसार, कुवैत पोर्ट्स अथॉरिटी ने पुष्टि की है कि ड्रोन हमले के कारण बंदरगाह के कुछ हिस्सों में क्षति हुई है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। संबंधित सरकारी एजेंसियां और पोर्ट्स अथॉरिटी मिलकर घटनास्थल का निरीक्षण कर रही हैं तथा परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
शुवैख बंदरगाह कुवैत के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त वाणिज्यिक बंदरगाहों में से एक है, जो देश की उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला और आयात प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। इस बंदरगाह के संचालन पर किसी भी प्रकार का प्रभाव क्षेत्रीय व्यापार और आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है, इसलिए इस हमले को गंभीर माना जा रहा है।
यह घटना पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सामने आई है, जहां 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए संयुक्त हमलों के बाद स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई थी। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं।
विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चुनौती उत्पन्न कर सकती हैं और यदि तनाव कम नहीं हुआ तो इसका प्रभाव वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर भी पड़ सकता है। फिलहाल कुवैत प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और बंदरगाह की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में कदम उठा रहा है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का कानूनी अधिकार : अराकची



**तेहरान, (हि.स.)**
पश्चिम एशिया में जारी 28 दिनों के युद्ध के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराकची ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों से जुड़े जहाजों को गुजरने से रोकना ईरान का कानूनी अधिकार है।
उन्होंने यह बात संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कही।
ईरानी विदेश मंत्रालय के अनुसार, अराकची ने गुटेरेस को संघर्ष की ताजा स्थिति और अमेरिका-इजराइल द्वारा किए गए हमलों के सुरक्षा व मानवीय प्रभावों की जानकारी दी।
उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के प्रति ईरान की प्रतिबद्धता दोहराई और नागरिक ठिकानों पर हमलों की निंदा की।
अराकची ने संयुक्त राष्ट्र से अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघनों पर कार्रवाई करने की अपील की और कुछ पक्षों द्वारा ईरान से संयम की एकतरफा मांगों की आलोचना की। वहीं, गुटेरेस ने क्षेत्रीय संघर्ष पर चिंता जताते हुए देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर जोर दिया।

## युद्ध के कारण नेपाल के अर्थतंत्र पर संकट के बादल-एडीबी रिपोर्ट




**काठमांडू, (हि.स.)**
एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की 'ब्रिफ्स 384' रिपोर्ट के अनुसार मध्यपूर्व में बढ़ते संघर्ष का असर नेपाल जैसे रेमिटेंस-निर्भर देशों पर गंभीर हो सकता है। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और वित्तीय सख्ती के साथ रेमिटेंस प्रवाह में गिरावट का जोखिम है। नेपाल के जीडीपी का लगभग 8.1 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आने वाले रेमिटेंस पर निर्भर है, इसलिए वहां आर्थिक मंदी से नेपाली श्रमिकों की आय और विदेशी मुद्रा प्रवाह प्रभावित होगा। कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ सकती है और आयात लागत भी बढ़ेगी। ढुलाई और बीमा खर्च बढ़ने से वस्तुओं के दाम और ऊपर जा सकते हैं। एडीबी ने सब्सिडी लक्षित करने, वैकल्पिक ऊर्जा अपनाने और विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधन पर जोर दिया है।

# बालेन्द्र शाह ने नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली



**काठमांडू, (हि.स.)**
राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के संसदीय दल के नेता बालेन्द्र शाह (बालेन) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शीतल निवास में आयोजित विशेष समारोह में 36 वर्षीय बालेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने आधिकारिक रूप से नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया।
इससे पहले राष्ट्रपति पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 76(1) के तहत प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता के रूप में शाह को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। नेपाल के संविधान 2015 (2072) के लागू होने के बाद इस प्रावधान के तहत प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने का यह पहला अवसर है। साथ ही मधेशी समुदाय से किसी व्यक्ति का नेपाल का प्रधानमंत्री बनना भी पहली बार हुआ है, जिसे राजनीतिक दृष्टि से एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।
काठमांडू महानगर के मेयर पद से इस्तीफा देकर चुनावी राजनीति में प्रवेश करने वाले बालेन ने झापा क्षेत्र-5 से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50 हजार मतों के अंतर से हराकर प्रतिनिधि सभा सदस्य का चुनाव जीता था। उनकी इस जीत ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख राजनीतिक पहचान दिलाई।
शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने मंत्रिपरिषद का गठन किया, जिसमें स्वर्णिम वाग्ले को वित्त मंत्री, सुदन गुरुंग को गृह मंत्री, शिशिर खनाल को विदेश मंत्री सहित कई अन्य नेताओं को विभिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई सरकार से प्रशासनिक सुधार और विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कर्नाटक के मणिकांता ने स्वर्ण हैट्रिक, अनुष्का ने दूसरा पदक जीता



**रायपुर, (हि.स.)** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के दूसरे दिन तैराकी स्पर्धाओं में कर्नाटक के मणिकांता एल. ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्वर्ण पदकों की संख्या पांच तक पहुंचा दी। उन्होंने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले, 100 मीटर बैकस्ट्रोक और 4x100 मीटर रिले में स्वर्ण जीतकर अपनी टीम को पदक तालिका में मजबूत स्थिति में बनाए रखा। वहीं ओडिशा की अंजलि मुंडा ने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की और महिला वर्ग में अपना दबदबा कायम रखा। इस बीच मेजबान छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत ने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में रजत पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। प्रतियोगिता के अंत तक कर्नाटक शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि ओडिशा दूसरे स्थान पर है। वेटलिफ्टिंग में भी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, जहां असम की मोनिखा सोनोवाल और मिजोरम के इसाक मालसावम्तलुआंगा ने चोट के बावजूद स्वर्ण पदक जीतकर प्रभावित किया।

## भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया, सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**माले, (हि.स.)** सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप 2026 में भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत से टीम का आत्मविश्वास भी काफी बढ़ा है और ग्रुप बी में शीर्ष स्थिति हासिल करने की संभावना मजबूत हो गई है।
मैच की शुरुआत से ही भारत ने आक्रामक खेल दिखाया। तीसरे मिनट में विशाल यादव ने गुरनाज सिंह ग्रेवाल के बेहतरीन पास पर शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।
इसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज सिंह अहेइबाम ने कई महत्वपूर्ण बचाव करते हुए विपक्षी टीम को बराबरी करने का मौका नहीं दिया।
दूसरे हाफ में भारत की पकड़ और मजबूत हुई। 64वें मिनट में ओमांग डोडुम ने तेज काउंटर अटैक के दौरान हेडर गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी। मैच के अंतिम क्षणों में भारत को पेनल्टी मिली, जिसे डोडुम ने गोल में बदलकर अपना दूसरा गोल और टीम की जीत सुनिश्चित की।
अब भारत 28 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप मैच में शीर्ष स्थान पाने के लिए उतरेगा, जहां टीम का उद्देश्य इसी लय को जारी रखना होगा।

# विश्व कप से पहले स्पेन का आखिरी अभ्यास मैच पेरू से, मेक्सिको में होगा मुकाबला



**नई दिल्ली, (हि.स.)** फीफा विश्व कप 2026 की तैयारियों के तहत स्पेन की फुटबॉल टीम अपने अंतिम वॉर्म-अप मैच में पेरू का सामना करेगी। रॉयल स्पैनिश फुटबॉल फेडरेशन ने गुरुवार को इस मुकाबले की आधिकारिक पुष्टि की। यह मैच 8 जून को मेक्सिको के पुएब्ला शहर में खेला जाएगा और इसे स्पेन के लिए विश्व कप अभियान से पहले अंतिम अभ्यास के रूप में देखा जा रहा है।
यूरोपीय चैंपियन स्पेन इस मुकाबले के जरिए अपनी टीम संयोजन, रणनीति और खिलाड़ियों की फिटनेस को परखने की कोशिश करेगा।
विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले यह मैच टीम प्रबंधन के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे अंतिम एकादश और प्लेइंग कॉम्बिनेशन को लेकर स्पष्टता मिल सकेगी। स्पेन अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत ग्रुप-एच में केप वर्डे के खिलाफ अटलांटा में करेगा, जहां उसे मजबूत शुरुआत करने की चुनौती होगी।
इससे पहले स्पेन दो अन्य अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली मैच भी खेलेगा, जिनमें सर्बिया और मिस्र के खिलाफ मुकाबले शामिल हैं। इन मैचों के जरिए टीम अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपनी रणनीति को परख सकेगी और खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में खेलने का अनुभव मिलेगा। कोचिंग स्टाफ इन मुकाबलों के आधार पर टीम की कमजोरियों को चिन्हित कर उन्हें सुधारने पर काम करेगा।
स्पेन के लिए पहले प्रस्तावित "फाइनलिसिमा" मुकाबला, जो अर्जेंटीना के खिलाफ कतर में खेला जाना था, ईरान-युद्ध के चलते रद्द कर दिया गया। यह मैच दोनों महाद्वीपों की चैंपियन टीमों के बीच एक प्रतिष्ठित मुकाबला माना जाता है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।
फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन इस बार संयुक्त रूप से मेक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा द्वारा किया जा रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगी, जिसमें दुनिया की शीर्ष टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। इस बार विश्व कप का प्रारूप भी विस्तारित है, जिससे अधिक टीमों को भाग लेने का अवसर मिलेगा।
स्पेन जैसी मजबूत और अनुभवी टीम के लिए ये प्री-टूर्नामेंट मैच न केवल अभ्यास का अवसर हैं, बल्कि टीम की लय, तालमेल और रणनीति को अंतिम रूप देने का महत्वपूर्ण मंच भी हैं।

## मियामी ओपन 2026: कोको गॉफ ने मुचोवा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



**मैक्सिको सिटी, (हि.स.)।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में गॉफ ने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को एकतरफा अंदाज में 6-1, 6-1 से हराया। विश्व नंबर-4 गॉफ की शुरुआत हालांकि धीमी रही और मुचोवा ने पहला गेम ब्रेक कर बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद गॉफ ने बेहतरीन वापसी करते हुए स्कोर बराबर किया और लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। उनकी सर्विस और रिटर्न दोनों में बेहतरीन नियंत्रण नजर आया।
दूसरे सेट में भी मुचोवा लय हासिल नहीं कर सकीं और लगातार अनफोर्स्ड एरर करती रहीं। गॉफ ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए तीन बार उनकी सर्विस ब्रेक की और मुकाबले को आसानी से समाप्त कर दिया। इस जीत के साथ गॉफ ने मुचोवा के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 6-0 कर लिया है। अब फाइनल में कोको गॉफ का सामना वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका से होगा, जहां खिताब के लिए कड़ी और रोमांचक टक्कर देखने की उम्मीद है।

## फीफा विश्व कप 2026 प्लेऑफ : टोनाली की चमक से इटली की 2-0 जीत



**बर्गमो, (हि.स.)** चार बार की विश्व चैंपियन इटली राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने फीफा विश्व कप 2026 प्लेऑफ सेमीफाइनल में नॉर्दर्न आयरलैंड को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस जीत के साथ इटली 12 साल बाद विश्व कप में वापसी से सिर्फ एक कदम दूर है। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा, लेकिन कोई भी गोल नहीं हो सका और स्कोर 0-0 रहा।
दूसरे हाफ में इटली ने आक्रामक खेल दिखाया और मैच पर नियंत्रण बना लिया। 56वें मिनट में मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। उन्होंने क्लियर किए गए क्रॉस पर तेजी से प्रतिक्रिया देते हुए एक बाउंस के बाद गेंद को निचले कोने में पहुंचाया।
इसके बाद 80वें मिनट में फॉरवर्ड मोइज़ कीन ने टोनाली के पास पर डिफेंडर को छकाते हुए सटीक लो शॉट लगाया और जीत सुनिश्चित कर दी।
अब इटली फाइनल में वेल्स और बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच विजेता से भिड़ेगी।

# हॉकी इंडिया अवॉर्ड्स 2025 : नवनीत कौर, हार्दिक सिंह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित



**नई दिल्ली, (हि.स.)** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को 8वें वार्षिक पुरस्कार 2025 का आयोजन कर देश के शीर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल से जुड़े योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में ओलंपियन हरबिंदर सिंह, असलम शेर खान, जफर इकबाल, मीर रंजन नेगी, ममता खरब और रानी रामपाल सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी ने आयोजन को और भी खास बना दिया।
इस समारोह में महिला वर्ग में नवनीत कौर और पुरुष वर्ग में हार्दिक सिंह को "हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर 2025" के सम्मान से नवाजा गया। दोनों खिलाड़ियों को 20-20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। नवनीत कौर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि हार्दिक सिंह ने मिडफील्ड में अपनी प्रभावशाली भूमिका से टीम को मजबूती दी और कई अहम मुकाबलों में निर्णायक योगदान दिया। दोनों खिलाड़ियों ने इस सम्मान को अपने करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए टीम, कोचिंग स्टाफ और सहयोगियों के प्रति आभार जताया।
समारोह का एक प्रमुख आकर्षण 1980 मॉस्को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य जफर इकबाल को दिया गया "मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड" रहा, जिसके तहत उन्हें 25 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।
जफर इकबाल ने भारतीय हॉकी के विकास में लंबे समय तक योगदान दिया है और इस सम्मान को अपने लिए गर्व का क्षण बताया।
अन्य प्रमुख पुरस्कारों में बिचु देवी खारीबाम को गोलकीपर ऑफ द ईयर, संजय को डिफेंडर ऑफ द ईयर, सुमित को मिडफील्डर ऑफ द ईयर और सुखजीत सिंह को फॉरवर्ड ऑफ द ईयर चुना गया। उभरते खिलाड़ियों की श्रेणी में साक्षी राणा (महिला अंडर-21) और प्रिंस दीप सिंह (पुरुष अंडर-21) को 10-10 लाख रुपये से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को भी नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

## एशियाई खेलों की तैयारी तेज, गोरखपुर में भारतीय महिला रोइंग टीम का राष्ट्रीय कैंप शुरू



**गोरखपुर, (हि.स.)** एशियाई खेल 2026 की तैयारियों को मजबूत करने के लिए भारतीय महिला रोइंग टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से गोरखपुर में शुरू हो गया। यह कैंप रामगढ़ ताल स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर भारतीय रोइंग महासंघ के अनुरोध पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना है।
भारतीय रोइंग महासंघ के उपाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश रोइंग संघ के सचिव सुधीर शर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी और कोच गोरखपुर पहुंच चुके हैं और प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। रोइंग स्पर्धाएं 20 से 25 सितंबर के बीच गिफू प्रांत के काइज़ू शहर स्थित नगरागावा इंटरनेशनल रेगाटा कोर्स में आयोजित होंगी।
उन्होंने बताया कि यह 51 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर है, जो उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसमें खिलाड़ी सिंगल स्कल्स, डबल स्कल्स, पेयर्स और फोर्स जैसी विभिन्न श्रेणियों में अभ्यास करेंगे।
इस बीच, पुरुष रोइंग टीम का राष्ट्रीय कैंप पहले से ही पुणे के आर्मी नोड में चल रहा है।
अधिकारियों के अनुसार, रामगढ़ ताल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। यहां का शांत जल खिलाड़ियों की तकनीक सुधारने और प्रदर्शन बेहतर करने में मदद करेगा।
चयनित खिलाड़ीः
किरण (हरियाणा), मृण्मयी सालगांवकर (महाराष्ट्र), रुक्मणी, विंध्या शंकर (मध्य प्रदेश), बी. आनंदी, किरण देवी (ऑल इंडिया पुलिस कंट्रोल बोर्ड/मेघालय), अश्विनी कुमरन, सानिया कृष्णन, अन्ना हेलेन, हीमा टी., एंजल मैरी (केरल), मोनिका बडोरिया, अंशिका भारती (ओडिशा)।
कोचः
राजेश कुमार (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड), ममता जेना (ऑल इंडिया पुलिस कंट्रोल बोर्ड)।

## एशियाई खेल 2026 हाई-परफॉर्मेंस कैंप शुरू



**नई दिल्ली, (हि.स.)** एशियाई खेल 2026 की तैयारियों के तहत भारतीय कबड्डी में एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) और मशाल स्पोर्ट्स के सहयोग से हाई-परफॉर्मेंस स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप कर्नाटक के बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में 27 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों की फिटनेस, प्रदर्शन क्षमता और दीर्घकालिक विकास को बढ़ाना है। आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों और वैज्ञानिक सपोर्ट के जरिए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया जाएगा। कैंप में पीकेएल और महिला टीम के कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं।